CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 11 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 83 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 22 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी नेरचा नया इतिहास: योगी पेज 2



पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना खेल टाइम्स



वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती सम्पादकीय



होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प, बोले- यह वह समझौता नहीं जो हमने किया पेज 12

# जाति जनगणना रोकने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा



**ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं, सीजेआई ने याचिककर्ता को लगाई कड़ी फटकार**

कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा कि आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी ह। इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस

## ईरान की ओर से अभी तक कोई साफ संदेश नहीं, जेडी वेंस पाक के लिए रवाना

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान लेबनान में जारी इजरायली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या तय समय पर यह बैठक हो पाती है या फिर हालात के चलते इसमें बदलाव होता है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी

### इस्लामाबाद में प्रस्तावित है वार्ता



**ईरान की मांग पहले लेबनान में सीजफायर, फिर होगी बात**

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी, वार्ता असफल रही, तो ईरान पर होंगे भीषण हमले**



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है, तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी। यह वार्ता पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी तनाव को खत्म करने के मकसद से हो रही है।

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का संघर्षविराम हुआ है। अब यह बातचीत उसी को आगे बढ़ाने और स्थायी शांति का रास्ता निकालने के लिए अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वेंस करेंगे। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकाफ और जारेड कुशनर भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बैठक शनिवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

### होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमधय से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया।

युद्धविराम की प्रभावशीलता पर सवाल राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रम्प ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमधय से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए। व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमधय को फिर से खोलने का समर्थन करता है। हालांकि, उनका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के सैन्य बल का विरोध करते हैं, जो अभी भी जलमार्ग को नियंत्रित करता है और गुजरने वाले जहाजों पर टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

वहीं ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट जारी कर संकेत दिया है कि युद्ध के दौरान ईरानी अद्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज जलडमरूमधय में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाई थीं। यह कदम अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि दो सप्ताह के अस्थिर युद्धविराम के बीच पाकिस्तान में आगे की वार्ताओं की संभावना बनी हुई है। होर्मुज का यह चार्ट आईएसएनए समाचार एजेंसी के साथ-साथ तस्नीम ने जारी किया है, जिन्हें रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। चार्ट में फारसी में होर्मुज के ट्रैफिक रूट पर खतरनाक क्षेत्र दर्शाया गया है।

# गगनयान का दूसरा एयर ड्राप टेस्ट हुआ सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारियों को लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गगनयान मिशन के तहत दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट (आईण्डीटी-02) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित किया गया। आईण्डीटी यानी इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट गगनयान मिशन का एक बेहद अहम और तकनीकी रूप से जटिल परीक्षण है। इस मिशन की सबसे बड़ी चुनौती

**दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ**

अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। जब अंतरिक्ष यात्री अपना मिशन पूरा कर लौटेंगे, तब उनका क्रू माड्यूल पृथ्वी के वायुमंडल में अत्यधिक गति से प्रवेश करेगा। इस दौरान उसकी रफ्तार को नियंत्रित करना और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करना बेहद जरूरी होता है। यहीं पर पैराशूट सिस्टम की भूमिका अहम हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने एक ही वकील की ओर से पेश 25 जनहित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा कि आप अपने पेशे पर धयान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे।

### नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। कुमार ने हिदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गए थे।

### सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है।

### आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इससे जुड़े 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अहम कामयाबी हासिल की है।

# यूपी में अंतिम मतदाता सूची जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विषेश गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है।

इस सूची के अनुसार प्रदेष्ठा में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767



**राज्य में एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे, कुल वोटर 13.39 करोड़**

मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वो मतदाता फार्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसके पहले 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फार्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, घर में मिले थे भारी मात्रा में जले हुए नोट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। उनके खिलाफ महाभियोग लाने के मामले में कमेटी का गठन किया गया है। कई सांसदों ने संसद में जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया था। फिलहाल जस्टिस वर्मा के खिलाफ आतंरित जांच कमेटी जांच कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को दिए गए त्यागपत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा ने लिखा है- यद्यपि मैं आपके आदरणीय कार्यालय को उन कारणों से विवश नहीं करना चाहता, जिनके कारण मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है। फिर भी अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

# नागल में गिट्टी से भरा ट्रक सो रहे मजदूरों के ऊपर पलटा, तीन की मौत



मृतकों के फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडुपुर के निकट बीती रात निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों के पास खनन से भरे पलटे ट्रक की गिट्टी गिरने से उसके नीचे दबकर तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहडूपुर के निकट नदी पर पुल निर्माण व सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क के बराबर मे वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात को चलाया जा रहा है। निर्माण स्थल पर मजदूर टीन की टपरी डालकर रह रहे है। रात करीब बारह बजे खनन गिट्टी से भरा एक ट्रक (घोड़ा) एचआर 58 इ 6247 जो खेड़ामुगल की ओर जा रहा था। वैकल्पिक मार्ग पर जाने की बजाय सीधे बंद की गई सड़क पर आ गया और असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें भरी गिट्टी अस्थायी रूप से टीन की बनाई गई टपरी पर गिर गई, जहां पर पांच मजदूर सो रहे थे। वे पांचों गिट्टी के नीचे दब गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

**निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों पर झपटी मौत**

इस हादसे के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचित कर खुद ही गिट्टी को हटाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया और पुलिस के आने से पहले ही दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस के आने पर बचाव कार्य कर बाकी दबे अन्य मजदूरों को भी बाहर निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने असगर 55 पुत्र नेफी व शौकीन 20 पुत्र हारून, इस्तकार 24 पुत्र अशफाक निवासी महमूदपुर थाना मिर्जापुर को मृत घोषित कर दिया। घायल कर्मवीर 22 पुत्र राजू निवासी असगरपुर थाना मिर्जापुर व गुलफाम को जिला चिकित्सालय मे रेफर कर दिया। पुलिस ने रात में ही सभी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा: यमुना में नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मथुरा।** शुक्रवार को यमुना में श्रद्धालुओं की नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य में जिला प्रशासन ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली। खबर लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा था। 10 लोगों के शव बरामद किए जा चुके थे, जबकि 14 से 15 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। रेस्क्यू किए गए श्रद्धालुओं को तत्काल उपचार के लिए भेजा गया।

जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को भी इमरजेंसी अलर्ट पर रखा गया है। घटना दोपहर को करीब सवा तीन बजे हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर

**मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बचाव कार्य में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है**

शोक व्यक्त किया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक व्यक्त किया है और बचाव और राहत कार्य बडे स्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। वृंदावन में यमुना पर बंसीवट और केसी घाट के बीच में पेंटून पुल है उसी के पास यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों का यही कहना था कि पेंटून पुल से टकराने के बाद नाव नदी में पलट गई। नाव में लुधियाना पंजाब से आए श्रद्धालु सवार थे, जिनकी संख्या 30 से 32 बताई जा रही है। हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में कोई भी सटीक जानकारी नहीं दे पा रहा था। यहां तक कि जिन लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया वह भी एक निश्चित संख्या नहीं बता पा रहे थे।

बताया गया कि पंजाब के लुधियाना से एक ग्रुप आया है, जिसमें करीब 150 लोग हो सकते हैं, इन्हीं में से कुछ लोग इस नाव पर सवार थे। दूसरी नाव पर भी कुछ श्रद्धालु थे। यह इलाका गोताखोरों का है, गोताखोर बडी संख्या में यहां रहते हैं। नाव पलटने की घटना के पीछे बताया जा रहा है कि यहां विगत दिनों पेंटून पुल के पीपा हटा दिए गए थे, लेकिन उन्हें यमुना से बाहर नहीं निकाला गया था, इन्हीं में से किसी पीपा से नाव टकराई और हादया हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे थे। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिवंश सिंह ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रंजन गोगोई के सेवा निवृत होने से रिक्त हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। यह श्री हरिवंश का राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने श्री हरिवंश को मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी भाषा में शपथ ली।

### धनंजय पर जानलेवा हमले के 24 वर्ष बाद आ सकता है फैसला

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में शुक्रवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। पूरी सुनवाई अंतिम चरण में पहुंचने के कारण इस प्रकरण में जल्द ही बड़ा फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। प्रकरण के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ जौनपुर लौटते समय जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के समीप बोलेरो से उतरे अभय सिंह और उनके साथियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे।

### सीडब्ल्यूसी की बैठक में खड़गे ने महिला आरक्षण प्रस्ताव पर जताई चिंता

# चुनावी फायदे के लिए श्रेय लेना चाहते हैं पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सरकार लंबी खामोशी के बाद अचानक सक्रिय हुई, 33 प्रतिशत आरक्षण को 16 से 18 तक हो रही संसद की बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 2029 से इसे लागू कर सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, जिसका परिसीमन प्रस्ताव गंभीर होगा। खड़गे ने इसे चुनावी लाभ का प्रयास बताया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कहा कि आप सभी जानते हैं कि मोदी सरकार लंबी खामोशी के बाद महिला आरक्षण पर अचानक सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के मसले पर 16 से 18 अप्रैल के बीच संसद की बैठक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इस बारे में अभी तक हम लोगों के पास कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं आया है। प्रधानमंत्री के लिखे लेख को पढ़कर हमें कुछ बातें पता चली हैं। इस सत्र में सरकार महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को पास कराना चाहती है, ताकि इस बार के विधान सभा चुनावों में वे इसका श्रेय और फायदा ले सकें। खड़गे ने कहा कि अभी तक जो जानकारियां मिली हैं, उसके मुता. बिक सरकार महिला आरक्षण को 2029 के चुनावों से लागू करना चाहती है। इसके अलावा वह लोकसभा और विधानसभाओं की मौजूदा सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है। वह लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना चाहती है। विधान सभाओं में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी होगी। इस डिलिमिटेशन प्रस्ताव के गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए इस पर बहुत गहरे विचार विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे की मंशा से बुला रही है। वह जल्दी से जल्दी संविधान संशोधन विधेयक पारित करना चाहती है। हमने संसदीय कार्य मंत्री को तीन बार लिखकर कहा था कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए मतदान के आखिरी दिन के बाद सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएं और गंभीरता से चर्चा की जाए, पर हम सबके अनुरोध के बाद भी सरकार ने केवल नैरेटिव बदलने और चुनावी लाभ के लिए हमारी बातों को नहीं माना।

### कांग्रेस ने केंद्र पर यू-टर्न का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण को लेकर यू-टर्न लेने का आरोप लगाया है। रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री मीडिया में लेख लिखकर खुद को महिला आरक्षण का अकेला चैंपियन दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था, तब कांग्रेस ने इसे 2024 से लागू करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया, जिन प्रक्रियाओं में देरी हुई। करीब 30 महीने बाद संभावित चुनावी नुकसान को देखते हुए सरकार अब अपना रुख बदल रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहासः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सरकार ने इलाज को 1400 करोड़ रुपये दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'नेशनल इंटरवेंशनल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गरीब मरीजों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बदलती जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है। हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार। बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोहिया संस्थान में टेली आईसीयू और टेली-कंसल्टेंसी सेवाओं का विस्तार किया गया है।

# यूपी में एसआईआर से काटे पीडीए के वोटः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जब बीजेपी हारती है तो मिलती है ईसी से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दिए जाने के बाद समा. जवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है।

बीजेपी को निशाने पर लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जब हारने लगती है, तो चुनाव आयोग से हाथ मिला लेती है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में बीजेपी को सबसे पहले हराएंगे, उसके बाद राजस्थान या दूसरे राज्यों का रुख करेंगे।

उन्होंने एसआईआर के जरिए पीडीए के वोट काटने का भी आरोप लगाया। फाइनल वोटर लिस्ट आने के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी के साथ ही चुनाव आयोग पर भी सीधा हमला बोला है। जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी जब भी हारती है, तो चुनाव आयोग को आगे कर देती है, लेकिन 2027 में बीजेपी को हराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिये पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यकों के वोट काटे गए। योजना बद्ध तरीके से बीजेपी और चुनाव आयोग पीडीए के नाम डिलीट कर रहे हैं, फॉर्म-7 इसका बड़ा हथियार बना।

# प. बंगाल में महिलाओं को मिलेंगे 3 हजार

## छह महीने में राज्य में यूसीसी लागू करेंगेः अमित शाह

**नई दिल्ली/कोलकाता, वार्ता**



■ बेरोजगार युवकों को भी तीन हजार की मददः गृहमंत्री

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनजी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है।

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा कि बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा। देबरा में एक जनसभा को संबो. धित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 15 सालों से ममता बनर्जी 'मा, माटी, मानुष' के नारे के साथ आती रही हैं, लेकिन हमारे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है और लोगों को तकलीफें उठानी पड़ी हैं। किसानों को भी परेशान होना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना चाहती है, जबकि ममता बनर्जी उन्हें बचाना चाहती हैं। ममता दीदी, आप जो चाहें कर लें, हम हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उन्हें बंगाल से बाहर निकाल देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र भरोसे का है। यह सोनार बांग्ला के निर्माण का भरोसा है। उन्होंने कहा कि इस भरोसे के आधार पर रचनात्मक रूप से चुनाव में जाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि मुझे भरोसा है कि बंगाल की जनता हमें पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी।

# डा. अम्बेडकर के सम्मान में मैराथन आयोजित करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अप्रैल महीने को 'सामाजिक न्याय माह' के रूप में मना रही है और संविधान निर्माता भीमराव रामजी अम्बेडकर के सम्माान में मैराथन का आयोजना किया जाएगा। गौतम ने यहां सवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल का यह महीना देश के लिए गौरवशाली है, क्योंकि इसी माह में कई महानायकों का जन्म हुआ था। इन महानायकों में ज्योतिबा फुले, डा. भीमराव अंबेडकर, राहुल सांकृत्यायन, जगजीवन राम और सम्राट अशोक जैसे महान व्यक्तित्व शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग और पिछड़ा वर्ग विभाग मिलकर 11 अप्रैल को लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाएंगे। इसके बाद रविवार सुबह छह बजे मंडी हाउस, नई दिल्ली से 'सामाजिक परिवर्तन मैराथन' की शुरुआत की जाएगी। इसका शुभारंभ पार्टी नेता राहुल गांधी करेंगे। इस मैराथन को 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर संविधान' नाम दिया गया है। गौतम ने कहा कि इसका उद्देश्य डा. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। इस मैराथन में भाग लेकर लोगों को उस संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करना है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 77550.25
**निफ्टी** 24050.60



**सोना** 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 239685
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-ईरान के बीच स्थाई युद्ध विराम के लिए जारी वार्ता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आई और बीएसई का संसेक्स 918.60 अंक (1.20 प्रतिशत) चढ़कर 77,550.25 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त में 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। स्थाई युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान में आज से हो रही वार्ता से बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी की 1.91 फीसदी की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, वित्त और रियलटी सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत चढ़े। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक में भी तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े। अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। इटरनल, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया। इंफोसिस में करीब तीन प्रतिशत और टीसीएस में करीब ढाई प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिद्रा का शेयर डेढ़ फीसदी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एक फीसदी के करीब नीचे बंद हुआ।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी जा रही है, जिससे चांदी 2 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। एमसीएक्स पर सोने-चांदी में यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता होने जा रही है।

मल्टी कमोडिटी मार्केट में 10 ग्राम सोने का भाव 1700 रुपये टूटकर 151700 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है, जो 4000 रुपये से ज्यादा गिरकर 2,39,685 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। सोने के भाव में 1.10 फीसदी और चांदी की कीमतों में 1.70 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। चांदी को रिकॉर्ड हाई लेवल 4.39 लाख रुपये है और अभी 2.39 लाख रुपये पर कारोबार कर रही है।

# यूपी की आध्यात्मिक राजधानी का बौद्ध सर्किट बनेगा आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ तीन हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को अब बौद्ध सर्किट नई गति देने जा रहा है।

सारनाथ से कुशीनगर और श्रावस्ती से कपिलवस्तु तक फैला यह आध्यात्मिक गलियारा अब वैश्विक पर्यटन, निवेश और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या इस सर्किट की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। वर्ष 2025 में कौशाम्बी, संकिसा समेत छह प्रमुख स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इन स्थलों को बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है, जहां होटल, परिवहन, गाइड सेवा और हस्तशिल्प क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कुशीनगर में आयोजित कॉन्क्लेव ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया। इस आयोजन में 2,300 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इस दौरान करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो बौद्ध सर्किट की आर्थिक क्षमता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विकसित उत्तर प्रदेश/2047' के तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन में प्रदेश की हिस्सेदारी को 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यूनेस्को मान्यता प्राप्त विरासत स्थलों की संख्या को 7 से बढ़ाकर 20 तक पहुंचाने की योजना है। भगवान बुद्ध से जुड़ी यह पावन भूमि, जहां उन्होंने प्रथम उपदेश दिया और महापरिनिर्वाण प्राप्त किया, आज नई वैश्विक पहचान की ओर अग्रसर है। सरकारी नीतियां, अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और निवेश प्रस्ताव मिलकर यूपी को आध्यात्मिक और पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

### वैश्विक संस्थाओं ने कलपक्कम रिएक्टर को सराहा

**वाशिंगटन।** भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है।

यह भारत के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की महत्वपूर्ण शुरुआत है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रासी ने भारत के इस उपलब्धि की जमकर सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने भी इसे एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि बताया है। आईईए ने शोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा श्कई वर्षों के विकास के बाद हासिल की गई इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के लिए भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वैज्ञानिकों व इंजीनियरों को बधाई। भारत अब दुनिया का दूसरा ऐसा देश बन गया है जिसके पास यह खास तकनीक है। रूस के अलावा अभी तक कोई भी देश इसे सफलतापूर्वक नहीं चला पाया है। अमेरिका और जापान जैसे देशों ने भी दशकों पहले इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिशें छोड़ दी थीं। यह रिएक्टर 6 अप्रैल को रात 8.25 बजे चालू हुआ। इसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम आधारित मिक्स्ड आक्साइड का इस्तेमाल होता है।

# हिन्दी भाषा विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन

### झूठी अफवाह फैलाने वालों पर 1 लाख का जुर्माना



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के एक प्रस्तावित कदम को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं पर 1 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। सरकार के इस प्रस्ताव में कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसएलसी (10वीं) की परीक्षा में हिंदी सहित 'तीसरी भाषा' के लिए अंकों के बजाय ग्रेड देने की बात कही गई थी।

मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूत्रि सी.एम. पूनाचा की खंडपीठ ने बेंगलुरु निवासी एच.एन. चंदना और एस. वेंकटेश की याचिका पर सुनवाई के दौरान सख्त रुख अपनाया। अदालत ने पाया कि यह याचिका केवल मीडिया रिपोर्ट्स और शिक्षा मंत्री के एक कथित बयान के आधार पर दायर की गई थी। कोर्ट ने इसे 'अत्यंत अनुचित' ठहराते हुए कहा कि सिर्फ अखबार की खबरों को आधार बनाकर हाईकोर्ट के असाधारण अधिकार क्षेत्र का उपयोग करना कतई उचित नहीं है। शुरुआत में अदालत ने इस याचिका को पब्लिसिटी पाने का जरिया मानते हुए याचिकाकर्ताओं पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने यह राशि 'कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण' में जमा करने का आदेश दिया और स्पष्ट किया कि भुगतान न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व के बकाया के तौर पर की जाएगी।

### बिना अनुमति पुलिस अफसर पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि किसी पुलिस अधिक. ारी पर अवैध हिरासत और हिरासत में यातना देने के आरोप लगने पर भी उन्हें सरकार की पूर्व अनुमति का सुरक्षा कवच मिल सकता है, बशर्ते कि वे कार्य उनकी आधिकारिक ड्यूटी से तर्कसंगत रूप से जुड़े हों।

जस्टिस एम ए चौधरी ने अपने 12 पन्नों के फैसले में जम्मू निवासी राजेश्वर सिंह के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने के आद. ेश और ट्रायल कोर्ट के 11 मई, 2015 के आदेश, दोनों को रद्द कर दिया। सिंह ने अपने वकील आक. ाश गुप्ता के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सीआरपीसी की धारा 561(।) का सहारा लेते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# सिंधी भाषा में संविधान का नया अवतार

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जारी किया संस्करण

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया।

उप राष्ट्रपति ने सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी भाषी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिंधी सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है और इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार सिंधी भाषा में विशेष रूप से देवनागरी लिपि में संविधान का प्रकाशन, भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्र की जीवंत आत्मा है, जो इसकी आकांक्षाओं को समाहित करती है, अधिकारों की रक्षा करती है और लोकतांत्रिक शासन का मार्गदर्शन करती है उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल नागरिकों और शासन के बीच के अंतर को कम करने में सहायक होती है, क्योंकि इससे लोग संविधान को अपनी मातृभाषा में समझ पाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और विश्वास मजबूत होता है। श्री राधाकृष्णन ने संविधान को बोडो, डोगरी, संथाली, तमिल, गुजराती और नेपाली आदि भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयास भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभाजन के बाद के कठिन समय में यह भाषा दृढ़ता और एकता का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा को 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, जिससे इसके सांस्कृतिक महत्व को मान्यता मिली और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण सुनिश्चित हुआ। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मातृभाषा के साथ-साथ सभी भाषाओं को समान महत्व और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बल दिया कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB



अफजल हुसैन फौजी
नैनीताल।

▸ नैनीताल देश का प्रमुख शिक्षा हब है। ▸ इस शहर की 150 साल पुरानी शैक्षिक विरासत है। ▸ देश के कई स्थानों के साथ-साथ कई विदेशी छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ▸ ICSE, CBSE व स्टेट बोर्ड के कई नामी स्कूल यहां स्थित है। ▸ नैनीताल से पढ़े छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**सरोवर नगरी नैनीताल** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हब के रूप में विख्यात है, यहां दी जाने वाली शिक्षा का कोई सानी हीं। पिछले कुछ सालों में शैक्षिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखती हैं। इसका उदाहरण यहां स्थित आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त और विद्यार्थी हो जो यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में शामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है। देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हैं। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया भर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं।

प्रस्तुतिः दिग्विजय सिंह बिष्ट,आकांक्षी माड़मी

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल

ST.JOHN'S SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
2026-2027
DAY SCHOOL AND BOARDING
Child - Centered Learning • Experienced Educators
Full secured campus • Indoor-outdoor sports
FOR REGISTRATION CONTACT :
7017284536, 8126562778, 6399613097
E-mail: stjohnsntl@gmail.com, sjshostel@gmail.com



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए. थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।

Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2026-27
The best school in the town with loving and caring atmosphere
Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com

## एकोर्न स्कूल बना नन्हें मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।

Mohan Lal Sah Bal Vidya Mandir
Sr. Secondary School (Affi. to CBSE) Delhi
Peter's Field, Mallital, Nainital
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities
Admission open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards(Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
Phone No.
Office : 05942-236189
Vinay Sah
Manager
STRIVE FOR EXCELLENCE
Anupama Sah
Principal

## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

RAMA MONTESSORI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
Will be offering you Comprehensive education from NURSERY TO CLASS 8th Join our legacy of Excellence and Holistic development.
Excellent Teacher Student Ratio
Computer classes
Taekwondo Classes
EMPOWERING YOUNG MINDS WITH QUALITY EDUCATION.
COME AND BE A PART OF OUR FAMILY. WHERE LEARNING MEETS EXCELENCE AT
RAMA MONTESSORI SCHOOL
NAINITAL
26 Years Completed
For more details
Visit at our website
www.ramamontessori.com
Contact : 9759911893, 9760408506.
ADMISSIONS OPEN 2026-2027

## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुंचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।



SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co- Educational School Affiliated to CBSE, New Delhi)
ADMISSION OPEN FOR 2026-2027
NUR. TO 12
Science.Commerce.Humanities
Welcome to Sanwal School where the foundation for lifelong learning and success are built! We are excited to invite prospective students and their families to join our nurturing.
WHY CHOOSE US?
Child-Centered Learning
Experienced Educators
Holistic Development
Indoor-Outdoor Sports Facility
Fully Secured Campus with CCTV
Smart Class rooms with E-Learning Facility
FOR MORE INFORMATION
Mallital, Nainital -263001
05942-235747
7579207575
sanwal_school@rediffmail.com

## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।

BISHOP SHAW INTER COLLEGE
Tallital, Nainital. Ph. 05942-235371
ADMISSION OPEN FOR ALL CLASSES
Class Nursery to 12
English Medium Co-Education Recognized
U.K. Board Following
Veena Massey - Principal

# एलपीजी सिलेंडर वितरण में अनियमितता के विरुद्ध भाकियू का धरना

**मोरना।** एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण में धांधली व अनियमितता,उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी व शादी के लिये सिलेण्डर के लिये हो रही काला बाजारी आदि समस्या को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहीद सुशील इण्डेन गैस कार्यालय पर धरना देकर घण्टो नारेबाजी की।व तुरन्त समस्याओं के समाधान की मांग की।

भोकरहेड़ी में बस स्टेण्ड के पास स्थित शहीद सुशील इण्डेन गैस गोदाम कार्यालय पर धरना दे रहे भाकियू नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सहरावत ने बताया कि केवाईसी के लिये ग्रामीण कार्यालय पर घण्टो लाइन में लगे रहते हैं।केवाईसी घर घर जाकर की जाये।बुक होने के बाद तुरन्त सिलेण्डर दिया जाये।शादी के लिये सरल रूप में सिलेंडर दिया जाये।ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने कहा कि सरकार गैस की पूर्ण उपलब्धता के दावे करती है।किन्तु वितरण में बड़ी धांधली जारी है।बुक होने के बाद सप्ताह तक सिलेण्डर नही मिलता है।केवाईसी के लिये महिलाएं पुरुषों के बीच घण्टो लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। बेटी की शादी में खाना बनाने के लिये सिलेण्डर उपलब्ध कराने को शासन प्रशासन ने कोई विशेष व्यवस्था नही की हुई है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नगर उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि शादी के लिये ग्रामीणों को तीन से चार हजार रुपये में ब्लैक से सिलेण्डर खरीदना पड़ रहा है।होम डिलीवरी के पैसे लेकर उपभोक्ताओं को गोदाम पर घण्टो



लाइन में खड़ा किया जा रहा।जिसे भाकियू बर्दाश्त नही करेगी।समस्याओं का समाधान होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

वहीं एजेंसी के संचालक सुनील सोम ने बताया कि शादी के लिये सिलेण्डर लेने को उपजिला. धिकारी से सम्पर्क करें।केवाईसी किसी भी साइबर कैफे से करवा सकते है।एजेंसी पर 24 हजार कनेक्शन हैं।अभी तक 12 हजार की केवाईसी कार्य पूरा हो सका है।लोड अधिक होने के कारण केवाईसी प्रकिर्या धीमी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विकास सहरावत, नितिन, हर्ष, दीपक, फरजान, सरफराज, उस्मान, नवाबुद्दीन, पुष्पेन्द्र, खालिद,पारस, रवि प्रकाश बौद्ध नगर अध्यक्ष आसपा आदि मौजूद रहे।

# भगवन्त इंस्टीट्यूट का परिणाम रहा शानदार

**मीरापुर।** भगवन्त इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बी. एस.सी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि ने न केवल छात्रों बल्कि शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ाया है।

संस्थान की प्राचार्या डॉ विजया डी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सेमेस्टर में छात्रा विधि ने 77 प्रतिशत (231 अंक) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनामिका नहारिया ने 74 प्रतिशत (222 अंक) के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर गुंजन और दीपांशु रहे, जिन्होंने 74 प्रतिशत (221 अंक) प्राप्त कर संयुक्त रूप से यह स्थान हासिल किया। सफल छात्र–छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। प्राचार्या डॉ विजया डी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अनुशासन को विद्यार्थी जीवन की सबसे महत्वपूर्ण नींव बताया और सभी छात्रों को इसी मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा सहित समस्त शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण

**बुढाना।** ब्लाक में संचालित पीएम श्री विद्यालयों की शैक्षणिक और भौतिक स्थितियों का जायजा लेने के लिए भारत सरकार के द्वारा नामित सेंट्रल नोडल ऑफिसर लुकास एल कामसुआन ने बुढ़ाना के प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन में पहुंचकर विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार के प्रयासो की नोडल अधिकारी ने विशेष प्रशंसा की। उन्होंने समस्त स्टाफ को अच्छे रिमार्क देकर प्रोत्साहित किया। विद्यालय में लाइब्रेरी में खेलकूद सामग्री व स्वच्छता के साथ बच्चों का शैक्षिक व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को निरीक्षण के दौरान उत्तम स्थिति में पाया। नोडल अधिकारी के द्वारा विद्यालय में पीपल का वृक्ष रोपित किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव व अन्य अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों के द्वारा पीएम श्री विद्यालयों को भविष्य में और भी बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किये गए।

## ग्राम कल्याणपुर में नहीं हुए विकास कार्य

# प्रधान पर सरकारी धन निजी कार्यों में खर्च करने का आरोप

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की प्रमुख पाल्लो देवी के द्वारा समय समय पर अपनी निधि से करवाए गये विकास कार्यों को अगर छोड़ दिया जाए तो ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ ऐसा खुला आरोप गांव कल्याणपुर के लोगों ने ग्राम प्रधान पर लगाते हुए सूचना के अधिकार के तहत जो जानकारी अधिकारियों से मांगी है उसका भी अभी तक भी कोई जवाब ग्रामीणों को नहीं मिला है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का खुला आरोप है कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी उन्हें करीब डेढ़ महीने से नही मिली है। अधिकारी लगातार तरह तरह के बहाने बना रहे हैं। गांवध के ही आसू अली ने बताया कि गांव में विकास कार्यों के नाम पर कागजों में गड़बड़ी की गई है जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने गांव की स्थिति को बेहद खराब बताया। एक अन्य ग्रामीण साजिद ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। विकास कार्यों के लिए आवंटित राशि निजी खातों और पंचायत सहायक के खाते में स्थानांतरित की गई है जबकि कार्य केवल फाइलों में ही पूरे दिखाए गए हैं। एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने लगभग डेढ़ महीने पहले सूचना के अधिकार के तहत ग्राम प्रधान के कार्यों से संबंधित 05 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी मगर उनको



अभी तक भी कोई जवाब नहीं मिला है और अधिकारी तरह तरह की बातें बना रहे हैं। शायद उनको सूचना इसलिए नहीं दी जा रही है क्योंकि गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है उन्हें डर है कि सच्चाई सामने आने पर अधिका. रियों की कथित मिलीभगत उजागर हो सकती है। ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने व जल्दी ही सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि हमें जानकारी उपलब्ध नही कराई गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे और आंदोलन करेंगे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि उन्होंने कल्याणपुर के लोगों को 3 दिन का समय दिया था और आश्वासन दिया था कि आज शाम तक के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। उधर दूसरी और ग्राम प्रधान शाहीन चौधरी ने आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आ रहे हैं इसलिए आरोप प्रत्यारोप लगना स्वाभाविक है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने गांव में बहुत काम करवाया है और कोई पैसा नहीं निकाला गया है जिसे ऑनलाइन चेक किया जा सकता है।

## कुकर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी भेजा जेल

**भोपा।** क्षेत्र के एक गांव में किशोर को बहला फुसला कुकर्म करने के आरोप में फरार चले रहे तीसरे आरोपी समीर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते सोमवार की शाम को उसका 13 वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि गांव का ही समीर, अमीर आलम, अमीर आजम, अब्दुल्ला व बिलाल उसके बेटे को बहला फुसला कर समीर की डेरी में ले गए। यहां पर कमरे में समीर ने उसके साथ कुकर्म किया। विरोध व शोर मचाने की आवाज सुनकर लोग आए तो आरो. पित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप है कि लगभग एक साल पहले भी आरोपियों ने उसके बेटे के साथ कुकर्म किया तथा मोबाइल से वीडियो बना लिया था। इसके बाद से अरोपी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर कुकर्म की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सुमित चौधरी की टीम ने शुक्रवार को तीसरे आरोपी समीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# एचपीवी टीकाकरण को लेकर बैठक में हुई चर्चा



**बुढाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुखढ़ करना था। इस दौरान सभी एएनएम को निर्देशित किया गया कि वे गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच और बच्चों के नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें। बैठक में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान पर विशेष चर्चा की गई। डॉक्टर सोनू कश्यप ने सभी एएनएम को निर्देश दिए कि 14 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी का टीका अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है, लेकिन समय पर टीकाकरण से इससे बचा जा सकता है। प्रभारी चिकित्सा अधिक. ारी डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि एक भी गर्भवती महिला या बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। साथ ही किशोरियों को एचपीवी टीके के प्रति जागरूक किया जाए। इसके लिए एएनएम घर–घर जाकर अभिभावकों को टीके के फायदे बताएं। इस अवसर पर सुप. रवाइजर कुसुमलता, खंड प्रतिरक्षण अधिकारी नीलम, एएनएम पूनम, रुकैया और ज्योति सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।?

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, टीम को लौटना पड़ा खाली हाथ

**खतौली।** रतनपुरी क्षेत्र के गांव बडसू में उस समय माहौल गरमा गया, जब विद्युत विभाग की टीम स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची। मौके पर मौजूद किसानों और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर टीम का घेराव कर दिया और विरोध स्वरूप धरना शुरू कर दिया। बढ़ते विरोध के चलते विभागीय कर्मचारियों को बिना मीटर लगाए ही वापस लौटना पड़ा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र चौहान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गांवों में स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय किसानों के हित में नहीं है और इसे किसी भी स्थिति में लागू नहीं होने दिया जाएगा। उनका कहना था कि इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। वहीं, भाकियू के एनसीआर महामंत्री सचिन चौधरी ने विभागीय नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि स्मार्ट मीटर वास्तव में आवश्यक हैं, तो इसकी शुरुआत पहले सरकारी कार्यालयों, थानों और तहसीलों से की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान इस व्यवस्था को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। तहसील अध्यक्ष ललित त्यागी ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि भविष्य में विभाग की टीम दोबारा गांव में पहुंचती है, तो किसानों द्वारा और उग्र विरोध किया जाएगा तथा अधिकारियों को मौके पर ही रोककर धरना दिया जाएगा।


### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र दिलनवाज व उसकी पत्नी इरम मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है। इसलिए मैने व मेरे पति जरीफ खान व अन्य परिवार वालों ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र दिलनवाज व उसकी पत्नी इरम को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन–देन व वाद–विवाद की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी ये अपने कृत्य, लेन देन व वाद विवाद के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति महताब बेगम पत्नी जरीफ खान निवासी म.न.1 साउथ खालापार थाना खालापार जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र दानिश उर्फ मोनू मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। मेरा सम्मान भी नही करता है मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है इस कारण मैने व मेरे परिवार ने दानिश उर्फ मोनू से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर दिये है तथा मैने दानिश उर्फ मोनू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद दानिश उर्फ मोनू द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन–देन व वाद–विवाद की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी दानिश उर्फ मोनू अपने कृत्य, लेन देन व वाद विवाद के स्वंय जिम्मेदार होंगा।

**कालू पुत्र जमील अहमद निवासी म.न.523/6 लद्धावाला थाना कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर मो.न-8755568248**


# घिस्सुखेड़ा में नहर टूटी, किसानों की फसलें बर्बाद

**चरथावल।** ग्राम घिस्सुखेड़ा में नहर टूटने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। सूचना मिलते ही सपा विधायक पंकज मलिक तुरंत मौके पर पहुंचे और प्रभावित किसानों से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने बताया कि गेहूं, गन्ना समेत कई फसलें पानी में डूबकर खराब हो गई हैं।

विधायक ने इस घटना को सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाही बताया और अधिका. रियों पर नाराजगी जताई।

विधायक पंकज मलिक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को नुकसान का जल्द आकलन कराने और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा और



हर प्रभावित किसान के साथ मजबूती से खड़े हैं।

# पुरकाजी में सपाइयों ने 2027 की रणनीति बनाई

**पुरकाजी।** समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार देविन्दरसिंह खालसा केआवास पर मजदूर किसान व सिख समाज की एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स तेजेंद्र सिंह विरक रामपुर सम्मिलित हुए समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार देविन्दर सिंह खालसा ने बताया कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई व किसान मजदूर व सिख समाज की मुख्य समस्याओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया इस मौके पर स जसविंदर सिंह स गुरमीत सिंह स जगतार सिंह, महेंद्र सिंह, गुरमेल सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, प्रधान सुरजीत सिंह, सरदार बलिंदर सिंह आदी मौजूद रहे।





### सूचना

मेरे पुत्र/पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र क्रमशः स0 5930/24.06.14 व 10972/22.11.10 मे गलती से नाम् सक्षम व सृष्टि अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम सक्षम सक्सेना व सृष्टि सक्सेना है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**विकास सक्सेना**
**निवासी – 53 पटेल नगर**
**जिला मुज़फ्फरनगर**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली (मु. नगर) वाद सं. T202509550605843 सन् 2025 1.श्रीमती बीना देवी पत्नी जोगराज सिंह निवासी फ्लैट नम्बर 101, टावर 2, यूनिटैक हाइटस, सैक्टर वार्ड नं0 3, ग्रेटर नोएडा कासना गौतमबुद्धनगर, हाल निवासी ग्राम वाजिदपुर खुर्द परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 2. जोगराज सिंह पुत्र लटूर सिंह उर्फ खडक सिंह निवासी ग्राम वाजिदपुर खुर्द परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।.... प्रार्थीगण / वादीगण **बनाम** 1. अभिलाष पुत्र जयपाल सिंह 2. तेजपाल पुत्र रघुवीर निवासी गांव वाजिदपुर खुर्द परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर 3. श्रीमती सतपाली पत्नी महक सिंह 4. श्रीमती राकेश देवी पत्नी बिजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हाल नि. जमुना विहार, खतौली, तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 5. श्रीमती शमीम पत्नी रियासत निवासी ग्राम नंगला रूद्र, तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 6. गांव सभा / ग्राम पंचायत, गांव वाजिदपुर खुर्द द्वारा प्रधान गांव वाजिदपुर खुर्द परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। **...प्रतिवादीगण** अर्न्तगत धारा 116, उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम– वाजिदपुर खुर्द, परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मु. नगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुकम होता है आप बतारीख 24.04.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालमत या मर्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया को कुछ उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा, बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 08.04.2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी**
**खतौली**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: 81 / सा0प्र0/2026–27 दिनांक:– 10/04/2026

## ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा रेशू विहार से ए.टू.जैड चौराहे तक तिरंगा रोप लाईट लगाये जाने का कार्य हेतु, व्यापार कर / आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई–निविदा दिनांक 04.05.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 13.04.2026 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 04.05.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/– के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के पक्ष मे जारी कराते हुए दिनांक 04.05.2026 की प्रातः 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई–निविदाओं को दिनांक–04–05–2026 को सायं 04 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को साय 4:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर** | **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर** | **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: 84 / सा0प्र0/2025–26 दिनांक:– 10/04/2026

## ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा वार्ड–26 में मुख्य सडकों पर फैन्सी पोल मय 72–84 वॉट लाईट सिंगल आर्म सहित लगाने के कार्य को कराये जाने हेतु व्यापार कर/आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई–निविदा दिनांक 04.05.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 13.04.2026 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 04.05.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू. 100/– के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर. / एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के नाम बन्धक होगी जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है। तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 04.05.2026 की प्रातः 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई–निविदाओं को दिनांक–04.05.2026 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को साय 4:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर** | **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर** | **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

# जर्जर बिजली लाइन से किसान की फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** ग्राम खेड़ी सराय में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक किसान की गन्ने और गेहूं की खड़ी फसल आग लगने से पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। इस हादसे में किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेड़ी सराय निवासी पवनेश कुमार पुत्र चतुर्वेदी शर्मा की कृषि भूमि गांव के जंगल क्षेत्र में स्थित है। उनकी लगभग चार बीघा जमीन में गन्ने की फसल खड़ी थी, जिसे उन्होंने बीज के लिए सुरक्षित रखा हुआ था। इसी खेत के ऊपर से विद्युत विभाग की एलटी लाइन गुजर रही है, जो किसानों के टड्‌बवेल को बिजली आपूर्ति करती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस लाइन के तार काफी समय से जर्जर हालत में हैं और अक्सर इनमें से चिंगारी निकलती रहती है। शुक्रवार दोपहर के समय अचानक एलटी लाइन से चिंगारी निकली और तेज हवा के कारण वह सीधे पवनेश कुमार के गन्ने के खेत में जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और चारों बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास में स्थित एक बीघा गेहूं की फसल भी इसकी चपेट में आ गई और पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के दर्जनों किसान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी और फसल पूरी तरह जल चुकी थी। पीड़ित किसान पवनेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पहले भी कई बार विद्युत विभाग को जर्जर तारों की शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते लाइन की मरम्मत कर दी जाती तो यह हादसा टल सकता था। किसान ने प्रशासन और उच्च अधिकारियों से घटना की जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। ग्रामीणों ने भी विद्युत विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द जर्जर तारों को बदलने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन के सभागार में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा संचालित आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री शक्ति शरण श्रीवास्तव और परियोजना निदेशक दिग्विजय नाथ तिवारी द्वारा की गई तथा यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

बैठक में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आंगनवाड़ी स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें विद्यालय के लिए तैयार करने हेतु विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर में केंद्र खोलने के उपरांत बच्चों के साथ की गई गति. विधियों को आंगनवाड़ी शिक्षा व्हाट्सएप समूह पर अनिवार्य रूप से साझा करें। साथ ही सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया गया कि वे आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें एवं नियमित रूप से उनका मार्गदर्शन करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने रॉकेट लर्निंग द्वारा संचालित कार्यक्रम की सराहना करते हुए डिजिटल कंटेंट के माध्यम से कार्यकत्रियों को सहयोग प्रदान करने, प्रशिक्षण में नियमित सहभागिता, साम. ुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने एवं सोशल-इमोशनल लर्निंग (SEL) पर दिए जा रहे विशेष जोर की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाइजर एवं मुख्य सेविकाओं के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से जिला समन्वयक रिया सिंह, रवि, कार्यक्रम प्रबंधक चंद्र प्रकाश उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पीड़ित वृद्ध का दर्द छलका....
## दुख साईकिल चोरी होने का नहीं पेपर्स का है

**बुढ़ाना।** एक पीडित वृ) का दर्द आखिरकार मीडिया के समक्ष छलक ही पड़ा। उसने बताया कि वह बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सराय निवासी मौहम्मद यूसुफ पुत्र अलीमुद्दीन अल्वी है। वह रमजान के महीने में बीती 25 फरवरी को अपनी साईकिल पर बैठकर बुढ़ाना ब्लाक परिसर में परिवार रजिस्ट्री के लिए आया हुआ था। उसने थैला साइकिल पर ही लटका दिया। जिसमें उसका आधार और पेन कार्ड के अलावा अन्य सरकारी डाक्यूमेंट भी थे। जैसे ही वह अपनी साइकिल बाहर खड़ी करके आफिस के अंदर अधिकारी के पास पहुंचा और साइकिल पर टंगे थैले को लेने आया तो वहां से साइकिल गायब थी। उसने अपनी साइकिल काफी तलाश की लेकिन उसकी साइकिल कहीं पर नहीं मिली। वह अब रोज ब्लाक के चक्कर पर चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी साइकिल और उसके कागजात कहीं पर नहीं मिले। जिससे उसका परिवार रजिस्ट्री के अलावा अन्य सरकारी सभी कार्य रुक गया है। उसके पास इन कागजातों की कोई भी फोटो स्टेट नहीं है। जिससे वह अपने कागजों को दोबारा बनवा सके। उसने बताया की वह अब साइकिल और थैला चोरी होने की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को देगा और बुढाना पुलिस से फरियाद करेगा कि उसकी साइकिल भले ही बरामद न हो पर वे कागजात जरुर तलाश कर दे।

## विद्युत लाइन की चिंगारी से फसल जली

**तितावी।** क्षेत्र के एक गांव में बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण किसान की लगभग चार बीघा गेहूं और गन्ने की पेड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसान ने ऊर्जा विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे किसान वीरेंद्र, पुष्पेन्द्र, जितेंद्र पुत्र यशपाल निवासी अलीपुर के खेतो के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से चिंगारी निकली जिससे पास खड़ी गेहूं की चार बीघा व करीब सौ कुंतल गन्ने के बीज हेतु खड़ी फ़सल के अलावा करीब 17 बीघा गन्ना पेड़ी क़ी फसल में आग लग गई। देखते ही आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में करीब लांखो क़ी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।खेतो में आग लगी देख खेतों में काम कर रहे किसानों और ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। ग्रामीणों ने पानी और मिटी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक फसल को भारी नुकसान हो चुका था। सूचना मिलने पर कई दर्जन ग्रामीण भीं मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर रोष व्यक्त किया।पीड़ित किसानो का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है और कई बार विभाग को इसकी जानकारी भी दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। विभाग की लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने भी ऊर्जा विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों क़ी विभाग को समय-समय पर जांच करनी चाहिए तथा ढीले तारों को ठीक कराने की मांग की है। वहीं पीड़ित किसान वीरेंद्र सिंह व पुष्पेन्द्र द्वारा प्रशासन और ऊर्जा विभाग से फसल के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।त्रकारों पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश,

## 15 अप्रैल को एसएसपी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र में अपने आप को किसान नेता बताने वाले युवक कुशल वीर द्वारा पत्रकारों के खिलाफ की गई अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूरे पत्रकार जगत में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सरताज अहमद ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, जो समाज में निष्पक्षता एवं सच्चाई को सामने लाने का कार्य करते हैं। ऐसे में किसी भी व्यक्ति द्वारा पत्रकारों की गरिमा को ठेस पहुंचाना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की भाषा और व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सरताज अहमद ने बताया कि इस संबंध में 15 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी कुशल वीर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि आरोपी के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संयुक्त पत्रकार महासभा जनपद भर में बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पत्रकार ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हर स्तर पर पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। साथ ही प्रशासन से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जाए कि पत्रकारों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## आशीष कुमार बने अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर

**मंसूरपुर।** जड़ौदा निवासी आशीष कुमार सैनी पुत्र रमेश सैनी एसएससी की परीक्षा पास कर केंद्रीय सचिवालय दिल्ली में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार तथा गांव में खुशी की लहर है। आशीष के पिता रमेश एक प्राइवेट फैक्ट्री में कर्मचारी है।

## सामवेद खंड महायज्ञ पूर्णआहूति के साथ हुआ संपन्न

**बुढ़ाना।** आचार्य कपिल शास्त्री ने बताया कि बालकों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों को भी देना चाहिए। आज शिक्षा तो बहुत बड़ी दे दी मगर संस्कार नही दिए तो वे बालक अपनी संस्कृति को भूल जाएंगे वो असभ्य हो जाएंगे। इसलिए संस्कार बहुत आवश्यक है। स्वामी सत्यवेश जी महाराज ने पंचमहायज्ञो को लेकर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत की। सविता आर्या ने प्रभु भक्ति के भजन सुनाए। आर्य समाज बुढाना के प्रधान प्रवीण राणा ने कहा कि मनुष्य को यज्ञ आदि श्रेष्ठ कर्म नित्य प्रतिदिन करने चाहिए। जिससे आत्मिक उन्नति के साथ साथ पर्यावरण भी शुद्ध होता है। सभी मनुष्यों को वेदों के अनुसार आचरण करना चाहिए तभी पाखंड और अंधविश्वास से बचा जा सकता है। इस यज्ञ में रघुराज और अवधेश जी सपत्नीक यज्ञमान रहे। कार्यक्रम में चन्द्रपाल सिंह, सोमपाल सिंह, महक सिंह, ओमपाल सिंह, विनोद त्यागी और विजय कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

## सपा नेता डॉ. इसरार अल्वी ने लिया वोटर लिस्ट का जायजा

**मुजफ्फरनगर।** निर्वाचन आयोग द्वारा SIR कार्य पूर्ण होने के बाद पीआर पब्लिक स्कूल में प्रथम मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर सपा नेता डॉ. इसरार अल्वी मौजूद रहे।इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया का जायजा लिया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# मुठभेड़ में दो गो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना पुलिस ने गो तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार-शुक्रवार की रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो शातिर तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि नंगला पिटलोखर मार्ग पर कुछ बदमाश गोकशी की योजना बना रहे हैं।

इसी दौरान एक संदिग्ध होंडा सिटी कार आती दिखाई दी। पुलिस के रुकने के इशारे पर कार सवार युवक भागने लगे, लेकिन उनकी गाड़ी जंगल के पास एक पेड़ से टकराकर बंद हो गई। इसके बाद दोनों बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मुठभेड़ के दौरान दोनों आरो. पियों को घायल कर पकड़ लिया। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनशाद पुत्र साबिर निवासी सुजडू और शाहनवाज पुत्र इश्तियाक निवासी लिकड़ा पट्टी, थाना खालापार (मुजफ्फरनगर) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है, वहीं फरार अन्य साथियों की तलाश में जंगल क्षेत्र में कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# मंत्री अनिल व रामनाथ ने फीता काटकर समिति का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**पुरकाजी** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति (बी फॉक्स) लिमिटेड कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति जिसे पहले किसान सेवा सहकारी समिति के नाम से जाना जाता था नवगठित होने पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं ठाकुर रामनाथ सिंह सभापति जिला सहकारी बैंक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर समिति का शुभारंभ किया ग्रामीण क्षेत्र में समिति के खुलने से किसानों को बहुत लाभ होगा तथा पुरका. जी आने की दूरी भी काम हो जाएगी।

क्योंकि इससे पहले इस ग्रामीण क्षेत्र के लोग पुरकाजी समिति से जुड़े हुए थे तथा यहीं पर अपना लेनदेन करते थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नवगठित समिति के सभापति प्रधान धीर सिंह तथा संचालन भाजपा नेता मनोज चौहान ने किया इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ संदीप वर्मा ओम सिंह प्रधान गौरव राठी प्रधान संदीप चेयर मैन कालूराम गुर्जर वीरेंद्र सिंह विजेंद्र सिंह अनिल गौतम प्रधान अमित प्रधान आदि लोग मौजूद रहे

# परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा व ध्वज यात्रा की तैयारी की



**मुजफ्फरनगर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक भारतीय कॉलोनी में चंद्रमणि शर्मा के निवास पर संपन्न हुई। ब्राह्मण समाज एवं समिति के सभी पदा. धिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में 12 अप्रैल को आयोजित होने वाली ध्वज यात्रा एवं अभिषेक तथा 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सभी सदस्यों को उनकी-उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की गई।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सुभाष शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रमणि शर्मा, संदीप शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, रवि शर्मा, रमन शर्मा, सुखबीर, सचिन, कन्हैया सहित अनेक गणमान्य सदस्य। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शरणदीप कौशिक एवं संजय मिश्रा ने सभी से समन्वय बनाकर भव्य एवं अनुशासित शोभा यात्रा निकालने का आह्वान किया। बैठक में भगवान परशुराम की शोभायात्रा को भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आगे की रणनीति भी तय की गई।

## मुजफ्फरनगर मे पहली बार युवाओं के लिए डिजिटल स्किल्स सीखने का नया अवसर

**मुजफ्फरनगर।** आज के समय में जहां केवल डिग्री से जॉब पाना मुश्किल होता जा रहा है, वहीं डिजिटल स्किल्स कान्टेन्ट करेशन और AI tools dh demand तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में शहर के छात्रें के लिए मनी डिजिटल एकेडमी (बाई मनी टैक्नोलोजिस) एक नया अवसर लेकर आया है, जहाँ उन्हें प्रैक्टिकल तरीके से जॉब एण्ड ओरिटेंट ट्रेनिंग दी जा रही है। वर्तमान समय में आई स्किल की बढ़ती मांग को देखते हुए एकेडमी इसा एआई टूल्स ट्रेनिग भी कराई जा रही है।

### में मायके चली जाऊंगी तुम देखते रहियो........

# ससुरालियों को फंसाने के लिए कूदी थी नदी में

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता अपने ससुरालियों पर दबाव बनाने को कथित तौर पर आत्महत्या करने के इरादे से हिंडन नदी में इसलिए किनारे पर कूदी थी ताकि वह डूब ना सके और उसकी जान बच जाए और उसको कथित तौर पर उत्पीड़न करने वाले ससुरालिए फंस जाएं। यह खुलासा बुढ़ाना पुलिस की निष्पक्ष जांच में हुआ है। अब फिलहाल विवाहिता अपने पति को बाय बाय कहते हुए अपने मायके में चली गयी है। इस घटना का जो वीडियो बीते कल वायरल हुआ था पुलिस ने उसी का संज्ञान लेकर जांच की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के मुताबिक बीते बृहस्पतिवार के दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हुई थी। जिसमें बुढ़ाना कस्बे की हिंडन नदी में एक महिला डूबती हुई दिखाई दे रही है। वायरल हुई वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए बुढ़ाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आये कि कस्बा बुढाना निवासी एक महिला का अपने पति से पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पति और पत्नी के मध्य आपसी कहासुनी एवं मनमुटाव के चलते हुए बीती 5 अप्रैल को बुढ़ाना महिला परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से लिखित में समझौता भी करवाया गया था। बीती 8 अप्रैल को महिला द्वारा हिंडन नदी में डूबते हुए वीडियो बनवाकर वायरल किया गया। महिला के ससुरालिए जब उक्त महिला को बचाने के लिये हिंडन नदी पुल पर पहुंचे तो नदी में केवल घुटनों तक ही पानी था। महिला पानी में बैठी हुई थी। जिससे यह स्पष्ट होता है कि डूबने की घटना वास्तविक न होकर एक प्रायोजित भ्रामक प्रयास था तथा ससुराल पक्ष पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उक्त वीडियो वायरल की गयी थी। अब वर्तमान में महिला अपने मायके पक्ष के परिजनों के साथ स्वेच्छा से अपने मायके चली गई है। अब इस प्रकरण में पुलिस के द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। वर्तमान मे मौके पर कानून व शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर सभासद पर रुपये हड़पने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** प्रवीण कुमार पुत्र स्व. श्री धर्मपाल निवासी महमूदनगर जनकपुरी मुजफ्फरनगर ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए आवेदन किया था। जिसकी स्वीकृति कराने के लिए मोहल्ला जनकपुरी के चर्चित सभासद ने प्रार्थी की प्रधानमंत्री आवास योजना के 2.5 लाख रुपये की स्वीकृति कराने के लिए प्रार्थी से 20 हजार रुपये ले लिए। प्रार्थी ने 2 अप्रैल 2026 को डूडा विभाग में संपर्क किया तो वहां प्रार्थी का कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं मिला। प्रार्थी ने सभासद से रुपये वापस मांगे, तो आरोप है कि सभासद ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए प्रार्थी को वहां से भगा दिया। यही नहीं सभासद ने अपने दो साथी भी रखे हुए हैं, जिनसे वह वसूली कराता है। प्रार्थी ने सभासद पर कार्रवाई कर प्रार्थी के रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

# भोपा में दुकानदार पर जानलेवा हमला कर किया घायल

**भोपा।** भोपा में शुक्रवार की सुबह सरेआम दुकानदार के साथ मारपीट की घटना से सनसनी फैल गयी।मारपीट की घटना में लहूलुहान हुए घायल को भोपा अस्पताल में उपचार के लिये ले जाया गया।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।वहीँ घटना का एक सी सी टीवी फुटेज भी वायरल हुआ है।

थाना व गांव भोपा निवासी संजय कुमार ने बताया कि वह कस्बे में मुख्य मार्ग किनारे कंफेक्शनरी की दुकान करता है। शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे निकटवतह्व गांव निवासी एक युवक ने उसकी दुकान के सामने अपनी बाइक को खड़ी कर दिया।वहां चल रहे नाला निर्माण कार्य तथा जेसीबी मशीन द्वारा वहां पड़ी हुई मिटी हटवाने को हवाला देकर बाइक हटाने को कहा गया। जिसके बाद बाइक सवार ने गाली गलौज की कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके भाई निक्की के चोट आई व अर्जुन नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित और उसके भाई को जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी झगड़ा कर चुके हैं और उनसे लगातार जान का खतरा बना हुआ है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं दूसरे पक्ष ने मारपीट का आरोप लगाया है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बुढ़ाना ( मु.नगर )

पत्रांक 35/लेखा-राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त 2025-26 दिनॉक: 10-04-2026

**-:अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना :-**

खण्ड विकास अधिकारी बुढाना की ओर से क्षेत्र पचांयत बुढाना की राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो पर निविदाएं राज्य सरकार के समस्त राजकीय विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो से उनकी पजींकरण सीमा अन्तर्गत दिनांक 25.04.2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.04.2026 की सायं 02.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निर्माण कार्यो की अरनेस्ट मनी/जमानत राशि 2 प्रतिशत किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. या एन.एस.सी. के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी बुढाना के पक्ष में बन्धक कराकर निविदा के साथ जमा की जानी है। निविदाएं दिनांक 25.04.2026 को सायं 03:00 बजे ब्लाक स्तरीय समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा सर्शत स्वीकार नही होगी। किसी भी विवाद के उत्पन्न होने की दशा में न्याय क्षेत्र मुजफ्फरनगर ही मान्य होगा। कार्य इस विकास खण्ड के अवर अभियन्ता की देखरेख में करना होगा तथा उनके सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान देय होगा। कार्यादेश प्राकल्लन की धनराशि की तकनीकी/वित्तीय स्वीकृति के आधार पर जारी किये जायेगे। निविदा आमत्रंण से सबंधित कार्यो का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा ( मी० में ) | अनुमानित लागत ( लाख रू० ) | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य ( जी०एस० टी० सहित ) | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम खेडा मस्तान, करौदा महाजन, खेडी गनी में वाटर कूलर अवस्थापना कार्य | 05नं0 | 9.42 | 18900 | 1150 | 03 माह |
| 2. | ग्राम अलीपुर अटेरना, गढमलपुर सांगडी, फुगाना में वाटर कूलर अवस्थापना कार्य। | 04नं0 | 7.54 | 15100 | 750 | 03 माह |
| 3. | ग्राम कुरालसी, जौला में वाटर कूलर अवस्थापना कार्य। | 05नं0 | 9.42 | 18900 | 1150 | 03 माह |
| 4. | ग्राम डूंगर, लुहसाना, बसी, मदीनपुर, विज्ञाना में वाटर कूलर अवस्थापना कार्य। | 05नं0 | 9.42 | 18900 | 1150 | 03 माह |
| 5. | ग्राम नसीरपुर, नीमखेडी मौ.पुर रायसिंह में वाटर कूलर अवस्थापना कार्य। | 04नं0 | 7.54 | 15100 | 750 | 03 माह |
| 6. | विकास खण्ड बुढाना की विभिन्न ग्राम पंचायतों में हाईमास्क लाईट अवस्थापना कार्य | 02नं0 | 5.30 | 11000 | 650 | 03 माह |

**अवर अभियन्ता**
**आर.ई.डी.**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बुढ़ाना ( मु.नगर )**


## कार सवारों पर युवती को बहकाकर ले जाने का आरोप

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी मौ.शहजाद ने थाना भोपा में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते गुरुवार की रात करीब 12:30 बजे उसकी बहन घर से गायब मिली।तभी आसपास लगे सी सी टी वी कैमरों की जांच करने पर रात 1:17 बजे एक संदिग्ध सफेद रंग की कार गांव की ओर जाती हुई दिखाई दी। आगे के कैमरे की फुटेज में 1:23 बजे वही कार एक अन्य रास्ते से लौटते हुए भी नजर आई। आशंका है कि कार सवार अरोपी उसकी बहन को बहला फुसलाकर कहीं ले गए।युवती के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए भाई ने बहन की बरामद की गुहार पुलिस से लगाई है थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपीय खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है


**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएमओ के खिलाफ भाकियू का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में गर्भवती महिला को भर्ती न किए जाने और सड़क पर प्रसव की घटना के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। मामले को लेकर शुक्रवार को भाकियू पदाधिकारियों ने सीएमओ कार्यालय पर जोरदार हंगामा करते हुए सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए और कार्रवाई की मांग की।





गत देर रात कांधला क्षेत्र के गांव असारा निवासी उसमान ने अपनी पत्नी कौंसर को प्रसव पीडा के कारण कांधला सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां महिला की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। रात में ही परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ नर्स मोनिका ने महिला का ऑपरेशन होने का बहाना बनाते हुए उसको भर्ती करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परिजन स्टाफ नर्स की काफी मिन्नते करते रहे, लेकिन उसने किसी की नही सुनी। जिसके बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल गेट पर लेकर पहुंचे और किसी वाहन का इंतजार करने लगे। महिला को तेज पीडा होने के कारण महिला ने जिला अस्पताल के गेट पर सडक पर ही एक बच्चे को जन्म दे दिया। जिला अस्पताल गेट पर बच्चे को जन्म देने से परिजनों से जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। बाद में स्टाफ नर्स हेमा ने महिला को भर्ती किया और उपचार दिया। शुक्रवार को गर्भवती महिला के साथ किए गए अमानवीय व्यावहार की शिकायत लेकर भाकियू पदाधिकारी बाबा श्याम सिंह, बाबा शोकेन्द्र, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, कपिल खाटियान सीएमओ कार्यालय पर पहुंचे और मामले में कार्यवाही की मांग की, लेकिन आरोप है कि सीएमओ डा. अनिल कुमार ने खाप चौधरियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए शिकायत सुनने से इंकार कर दिया और कार्यालय से निकलकर जाने लगे। जिसके बाद भाकियू पदा. धिकारियों में रोष फैल गया। उन्होने सीएमओ कार्यालय का गेट बंद कर सीएमओ गाडी को रोक लिया और सीएमओ को उनके कार्यालय में ही बंधन बना लिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। सूचना पाकर सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार और थाना आदर्शमंडी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कराते हुए मामला शांत कराया गया। इस दौरान मोहित शर्मा, कुलदीप पंवार, देवराज पहलवान, योगेन्द्र पंवार, कविता चौधरी, विनोद निर्वाल, दीपक शर्मा, संजीव राठी, जितेन्द्र टिटौली आदि मौजूद रहे। वही बाबा श्याम सिंह ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2025 में शामली के निजी चिकित्सक डा. आरके ढाका द्वारा उनको ऑपरेशन किया गया था। जो लाप. रवाही से करने से इंफैक्शन बढ गया और दोबारा ऑपरेशन कराना पडा।

जिसकी शिकायती कई माह पूर्व की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। उन्होने सीएमओ पर शिकायत के बावजूद कोई जांच न कराने का आरोप लगाया। उन्होने सीएमओ पर प्राईवेट हॉस्पिटल संचालकों से अवैध वसूली कर जनता की शिकायतों पर कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया।

# जिला अस्पताल प्रकरण में एडी हेल्थ का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में गर्भवती महिला के गेट पर प्रसव की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडी हेल्थ डॉ. मुकुंद ने शुक्रवार को शामली पहुंचकर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई तथा लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई गई।

प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी स्टाफ नर्स को लेबर रूम से हटा दिया गया है। साथ ही उसे सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने तक संबंधित कर्मचारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से दूर रखा जाएगा। एडी हेल्थ डॉ. मुकुंद ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या असंवेदनशील व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से प्रसूति सेवाओं को और बेहतर बनाने, ड्यूटी पर तैनात स्टाफ की जवाबदेही तय करने और रात के समय व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति, आपातकालीन सेवाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, स्थानीय लोगों और संगठनों ने उम्मीद जताई है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दी जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# कुरुक्षेत्र पुलिस की कैराना में दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा के जनपद कुरुक्षेत्र के थाना कृष्णा गेट से सीआई-1 एएसआई गिरवर शर्मा के नेतृत्व में छह सदस्यीय पुलिस टीम भैंस चोरी के एक मामले की जांच के सिलसिले में कैराना पहुंची। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान गुफरान व अरशद निवासी गांव भगरा तथा अब्दुल समद निवासी खतौली के रूप में हुई है। कैराना पहुंचने के बाद पुलिस टीम ने सबसे पहले कोतवाली में अपनी आमद दर्ज कराई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम कांधला रोड स्थित मीट प्लांट पर पहुंची, जहां आरोपियों की निशानदेही पर जांच-पड़ताल की गई।बताया जा रहा है कि कुरुक्षेत्र में दर्ज भैंस चोरी के मामले में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कैराना क्षेत्र से जुड़े कुछ सुराग बताए थे। इसी आधार पर पुलिस टीम आरोपियों को साथ लेकर यहां पहुंची और संबंधित स्थान पर जांच की। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों से मौके पर पूछताछ करते हुए आवश्यक जानकारी जुटाई। कार्रवाई पूरी होने के बाद कुरुक्षेत्र पुलिस टीम तीनों आरोपियों को अपने साथ लेकर आगे की कार्रवाई के लिए मुजफ्फरनगर की ओर रवाना हो गई।

# 12 को होगी करांटे चैम्पियनशिप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 12 अप्रैल को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अवेंजर्स फाइट क्लब, शामली में प्रात: 11 बजे से शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार, इस चौंपियनशिप के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 24 से 26 अप्रैल 2026 तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में भाग लेंगे।

# वीवी पीजी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत चल रहे आठवें संस्करण के पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मातृ एवं शिशु पोषण के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं, जिन्हें स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार और सही पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अर्शी खान ने कहा कि शिशु के समुचित विकास के लिए मां का पोषण बेहद जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है, जो उसके शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शुरुआती अवस्था में बच्चों के पोषण पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो उनके विकास में बाधा आ सकती है और कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए माताओं को अपने स्वास्थ्य और खानपान के प्रति विशेष जागरूक रहना चाहिए।



कार्यक्रम में डॉ. मुकेश कुमार कन्नौजिया ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मातृ एवं शिशु के संतुलित आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सही पोषण से ही मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर बनाया जा सकता है और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। कार्यक्रम के अंत में नारायण सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन ने विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मौसम खुलने से किसानों के चेहरे पर आई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** लगातार हो रही बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के सामने भारी संकट खड़ा कर दिया था। बारिश के कारण गेहूं की फसल समय पर कट नहीं पा रही थी, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ अगली फसल की तैयारी में भी देरी का सामना करना पड़ रहा था। आमतौर पर हर वर्ष 1 अप्रैल से गेहूं की कटाई शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार खराब मौसम के चलते कटाई का कार्य प्रभावित रहा। इससे न केवल गेहूं की फसल खेतों में खड़ी रही, बल्कि धान सहित अन्य अगली फसलों की बुवाई भी लेट होने की चिंता किसानों को सताने लगी थी। हालांकि, पिछले दो दिनों से मौसम साफ होने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। मौसम खुलते ही खेतों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। किसान मशीनों और हाथों से तेजी के साथ गेहूं की कटाई में जुट गए हैं। कटाई के साथ ही किसान मशीनों की मदद से तुरंत भूसा (तोड़ा) बनाने का कार्य भी शुरू कर चुके हैं। मौसम के इस बदलाव ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है और अब वे तेजी से अपनी फसल समेटने में लगे हैं।

# सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात शहर के बुढाना रोड स्थित मिल गेट के निकट अज्ञात कार सवार द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक को सीएचसी शामली में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक युवक भाजपा नेता मानस संगल के यहां ड्राईवर के रूप में कार्य करता था।



शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी निवासी 29 वर्षीय अंकित पुत्र धर्मपाल सिंह भाजपा नेता मानस संगल के पास ड्राईवर के रूप में नौकरी करता था। बताया जाता है कि गत गुरूवार देर शाम करीब साढे 6 अपने घर के लिए चला था। बताया जाता है कि अंकित पहले शामल के मोहल्ला अटल विहार में रहने वाली अपने बहन सविता के यहां गया और रात्रि करीब 10 बजे वह अपनी बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहा था। आरोप है कि जब वह शहर के बुढाना रोड स्थित शुगर मिल गेट के निकट पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात कार सवार ने लापरवाही दिखाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अंकित को शामली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। अंकित की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 20 लाख की स्मैक सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्ऑपरेशन सवेराह्व के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 92 ग्राम अवैध स्मैक, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है, बरामद की है। साथ ही एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।



सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात थाना कैराना पुलिस टीम ने ग्राम बुच्चाखेड़ी निवासी सुमित पुत्र सामा और कृष्ण चंद पुत्र साधू को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 92 ग्राम स्मैक, बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन (ओप्पो व पोको कंपनी) बरामद किए गए। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में आरो. पियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपियों के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है, ताकि तस्करी के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। कार्रवाई में उपनिरीक्षक पवन कुमार, कांस्टेबल अंकित कुमार और कांस्टेबल पवनीश कुमार की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बहला-फुसलाकर ले जाने का पड़ोसी युवक पर लगाया आरोप

**शाह टाइमस संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोंता रसूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव के ही कुछ व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गए है।

पीड़ित ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले युवक अहसान का अक्सर उनके घर आना -जाना रहता था। परिवार को उस पर कभी कोई संदेह नहीं हुआ । आरोप है कि उसके मन में गलत इरादा बनाकर उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर उसको अपने साथ ले गया।घटना के संबंध में बताया गया कि 5 अप्रैल 2026 की रात परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। 6 अप्रैल की सुबह करीब 3 बजे जब परिजन जागे तो पुत्री घर पर नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। बाद में सुबह करीब 11 बजे जानकारी हुई कि उक्त युवक अहसान ही उसे अपने साथ ले गया है।आरोप है कि घर में रखी अलमारी से करीब 2 लाख 50 हजार रुपये नकद जिसमें 1 लाख 60 हजार रुपये कृषि कार्ड के बताए गए हैं। तथा सोने-चांदी के आभूषण भी गायब हैं। इनमें दो सोने के हार, दो जोड़ी झुमके, दो जोड़ी कुंडल, दो जोड़ी बाली (लगभग 5 तोला सोना) और चांदी के आभूषण (करीब 400 ग्राम) शामिल बताए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि इस घटना में कुछ अन्य लोगों की भी भूमिका है और उन्होंने सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार गांव के ही नामजद पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# वीवी पीजी कॉलेज में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। शिविर का समापन ध्वजारोहण के साथ किया गया।

समापन दिवस पर आयोजित प्रथम सत्र में प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा, प्राथमिक उपचार और टेंट निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई। गायत्री देवी ने रोवर्स-रेंजर्स को संबोधित करते हुए बताया कि दुर्घटना या अचानक बीमारी की स्थिति में प्राथमिक उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्राथमिक उपचार की बारीकियों को व्यवहारिक रूप से समझाया और विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने के तरीकों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में गीता रानी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के टेंट निर्माण का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के साथ भी सरल तकनीकों का उपयोग कर मजबूत और उपयोगी टेंट बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक लाठी से लेकर पांच लाठियों तक की सहायता से कई प्रकार के टेंट तैयार किए जा सकते हैं, जो आपात स्थिति में अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। इसके बाद शिविर में प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से भोजन निर्माण की गतिविधियों में भी भाग लिया, जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता और सामूहिक कार्य की भावना का अनुभव हुआ। कार्यक्रम में डॉ. भूपेन्द्र कुमार, डॉ. प्रताप कुमार, छवि, अर्शी खान सहित कई शिक्षक एवं स्टफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण छात्रों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शि. विर के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखा गया।

# मतदान केन्द्रों पर सात दिन तक रहेगी मतदाता सूची

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामाव. लियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस बार प्रशासन ने विशेष रूप से यह व्यवस्था की है कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची केवल कार्यालयों तक सीमित न रहकर एक सप्ताह तक जनपद के सभी मतदेय (मतदान) केंद्रों पर भी उपलब्ध रहेगी। यही इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पहलू माना जा रहा है। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के मतदाताओं को अपने नाम की जांच के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर ही सूची का अवलोकन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के साथ-साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में भी यह सूची उपलब्ध रहेगी, लेकिन प्रशासन का मुख्य फोकस मतदान केंद्रों पर आम जनता की आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे इस एक सप्ताह की अवधि का लाभ उठाते हुए अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। इसके अलावा, तकनीकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची अ ॉनलाइन भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे लोग घर बैठे भी अपना नाम देख सकते हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

# झिंझाना में उपचार के दौरान 7 माह के मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में एक डाक्टर के यहां उपचार के दौरान 7 माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, गांव लक्ष्मणपुरा निवासी देवेंद्र पुत्र सलेक चंद अपने 7 माह के बेटे विराट का उपचार पिछले चार दिनों से झिंझाना स्थित बिडौली बस स्टैंड के पास डाक्टर शमशाद के यहां करा रहे थे। परिजनों का कहना है कि बच्चे का उपचार चल रहा था, लेकिन शुक्रवार को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परि. जनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। मृतक बच्चे के पिता देवेंद्र ने बताया कि यह बच्चा उनके परिवार में काफी समय बाद पैदा हुआ था। उनके पहले से छह बेटियां हैं और यह उनका इकलौता बेटा था, जिससे परिवार में इस घटना का दुख और भी गहरा हो गया है। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सके। फिलहाल मामले में कोई लिखित तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। घटना के बाद कस्बे में भी शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोग इस घटना को लेकर संवे. दनशीलता के साथ प्रतिक्रिया दे रहे हैं और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# नशा मुक्ति अभियान में किया जागरूक

शामली। ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत नशा-मुक्ति जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत 10 अप्रैल 2026 को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रें में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मोहल्ला बसंत विहार में पुलिस टीम द्वारा नशा-मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें खेलकूद, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए जागरूक किया।

# अंतिम दौर में कोरिडोर लोकार्पण की तैयारियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर अब केवल 3 दिन शेष बचे हैं और प्रशासन द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

गुरुवार को उच्च अधिकारियों की टीम ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीजी भानु भास्कर, एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव, डीआईजी अभिषेक कुमार, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी अभिनंदन कुमार ने सबसे पहले मनोहरपुर रेस्ट एरिया में बन रहे जनसभा स्थल का जायजा लिया। इसके बाद टीम गणेशपुर में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंची।

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों का काफिला गणेशपुर से एलिवेटेड रोड होते हुए सिद्ध पीठ मां डाट काली मंदिर पहुंचा। यह क्षेत्र शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया गया है।

मां डाट काली मंदिर में रंग-रोगन, सजावट और साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री का काफिला एलिवेटेड रोड से होकर गुजरेगा, जहां वे वाइल्डलाइफ के सुंदर दृश्य भी देख सकेंगे। इसके बाद मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके उपरांत प्रधानमंत्री देहरादून में रोड शो और जनसभा के लिए रवाना होंगे। वहीं मनोहरपुर रेस्ट एरिया में बने मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली देहरादून ग्रीनफील्ड हाईवे पर कैमरे, साइन बोर्ड और डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा और सुविधाओं को और मजबूत किया जा सके।

इसी क्रम में औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी और पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र कश्यप ने बिहारीगढ़ राजकिशोर सैनी के यहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं से जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

# संत रविदास की मूर्ति रखे जाने को लेकर तनाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव सहाबा मजरा में बीती रात खाली पड़ी भूमि पर संत रविदास जी की मूर्ति रखे जाने को लेकर माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। जैसे ही दूसरे समाज के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया, जिससे गांव में हंगामे की स्थिति बन गई और देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया।


सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा हालात संभालने का प्रयास किया। पुलिस देखते ही गांव की महिलाएं मूर्ति हटाने के विरोध में डट गई। जिससे स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई। बढ़ते तनाव को देखते हुए एसडीएम सुरेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी रूचि गुप्ता सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। आरोप है कि इस दौरान कुछ महिलाओं द्वारा पथराव की कोशिश की गई। हालांकि पुलिस ने संयम बरतते हुए स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया। अधिकारियों द्वारा कड़ी मशक्कत करने तथा समझाने के बाद हालात काबू में आए। वहीं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं सौरभ कटारिया, अमरीष गौतम, विकास निडर, वीरेंद्र कुलहेड़ी आदि ने प्रशासन का सहयोग करते हुए मूर्ति को वहां से हटवाकर गांव के मंदिर में सुरक्षित रखवाया। प्रशासन की सतर्कता व समय रहते एक संभावित बड़ा विवाद टल गया। उधर थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है तथा हालात पर नजर रखी जा रही है।

## वार्षिकोत्सव आज

**नकुड़।** श्री श्याम दीवाना सेवा मंडल द्वारा बाबा खाटू श्याम का पांचवां वार्षिकोत्सव शनिवार की शाम केएलजीएम इंटर कॉलेज में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्सव के तहत बाबा श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य दरबार सजाया जाएगा। कार्यक्रम में फतेहाबाद, शामली व फरीदाबाद से आए कलाकारों द्वारा संकीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति के साथ जोड़ने का कार्य करेगा। आयोजन में सामूहिक भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल रहेगा। उन्होंने बताया कि अखंड ज्योत प्रज्वलित कर बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

# मोबाइल टार्च से ढूंढी जा रही थी जिन्दगी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गांव बोहडुपुर के निकट निर्माणाधीन पुल व सड़क चौड़ीकरण कार्यस्थल पर घटित हादसे मे एक ही गांव महमूदपुर के तीन लोगों की मौत से मातम का माहौल है।

बारिश के कारण कुछ दिनों से निर्माण कार्य बंद था। जिसके चलते यहां कार्यरत मजदूर अपने अपने घर चले गए थे। महमूदपुर निवासी प्रधान हारून ने बताया कि इस्तकार गुरुवार को ही काम पर वापस आया था। बुधवार को उसकी शादी की तारीख आगामी 20 मई तय हुई थी। मौत के झपट्टे ने होने वाली दुल्हन के साथ साथ मां बाप के अरमानों पर भी पानी फेर दिया। मृतक शौकिन भी चार दिन पहले ही काम पर वापस लौटा था। जबकि असगर करीब एक सप्ताह पहले ही आया था। सबकी आर्थिक हालत बहुत खराब है। सभी के कंधो पर परिवार की जिम्मेदारी थी। पुल निर्माण व सड़क चौड़ीकरण कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तरह अनदेखी की गयी है। वैकल्पिक मार्ग से निकल रहे वाहन चालकों के लिए न कोई बैरिकेडिंग और न ही कोई सांकेतिक चेतावनी बोर्ड लगाया गया है जिस कारण हादसा होने मे कोई समय नही लगता है। निर्माण स्थल पर रोशनी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। गिट्टी के नीचे दबे मजदूरों को निकालने के लिए राहगीरों व पुलिस ने मोबाइल की लाइट जलाकर राहत व बचाव कार्य किया है जो कार्यदायी संस्था की लापरवाही को उजागर करती है।

# भाजपा सरकारों में आमजन को राहत: गुम्बर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि भाजपा सरकारों में आम जनता को राहत मिली है।

राजीव गुम्बर भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आज हकीकत मंडल के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि देश के प्रधान सेवक हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाये पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा देखा गया सपना आज साकार हो रहा है। हर व्यक्ति के सर पर छत आवास योजना के माध्यम से हर गरीब व्यक्ति को इलाज करने के लिए कभी सोचना पड़ता था आज वह आयुष्मान भारत योजना के तहत उन्हें लाभ मिल रहा है। और जिन गांवों में कभी जल की व्यवस्था नहीं होती थी उन्हें आज हर घर जल के योजना के माध्यम से घर-घर तक जल पहुंचने की व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है और जिन क्षेत्रों में कभी बिजली देखने को भी नहीं मिलती थी उन क्षेत्रों में बिजली भेजने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अजय धीमान व अनमोल मल्होत्रा द्वारा किया। प्रशिक्षण सत्र साथ सत्रों का रहा जिसमें प्रथम सत्र में नीलू राणा दूसरे सत्र में संजीव आलिया की तीसरे सत्र में महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई चौथे सत्र में किशोर शर्मा 5वें में अरुण यादव छठे सत्र में अमित घग्रेजा अतिथि रहे। इस मौके पर सुनील गुप्ता, संजय कपूर श्रीमती कुसुम अग्रवाल रविंद्र शर्मा राज. कुमार शर्मा नरेश रावत संजय गर्ग एवं पार्षद शिवमंगल सिंह कपिल धीमान राजकुमार शर्मा सुलेख मंडल के सभी पदाधिकारी गण विपिन शर्मा सुरेंद्र कालड़ा शक्ति केंद्र संयोजक व ,वार्ड अध्यक्ष सचिव और मंडल के सभी कार्यकारिणी सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय, सहारनपुर में नवागत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र कुमार कैम का आज भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें फूलों के गुलदस्ते भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

स्वागत करने वालों में डॉ. गोविन्द, डॉ. अनुराधा, डॉ. जानेन्द्र, डॉ. हेमन्त कुमार, सुनील त्यागी, जसविंदर सिंह, अनुज कुमार, मन्नु शर्मा, अंकुश कुमार, हरपाल सिंह, प्रदीप कुमार एवं श्रीमती रीना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इण्डियन हर्ब्स कम्पनी की ओर से एडवोकेट पंकज कपूर (लाईजन मैनेजर) ने भी डॉ. धर्मेन्द्र कुमार कैम को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कम्पनी के निद. ेशक सुधाकर अग्रवाल एवं राघव अग्रवाल द्वारा भी शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार कैम ने कहा कि उनका उद्देश्य विभाग के सभी कर्मचारियों के सहयोग से आयुष विभाग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन के जनमानस का इलाज करने वालों के विरुद्ध शीघ्र सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# पुतला दहन से पहले कांग्रेस नेता हाऊस अरेस्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा का पुतला दहन करने की घोषणा के बाद प्रशासन सतर्क हो गया। संभावित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया।

आज सुबह से ही पुलिस ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी तथा एक दुर्घटना में घायल युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा को उनके घरों में ही नजरबंद रखा। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रवीण चौधरी, अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व सभासद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, पीसीसी सदस्य अक्षय कुमार, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष नीरज कपिल, प्रभजीत सिंह और नसीब खान समेत अन्य कार्यकर्ताओं को भी पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों का आरोप है कि प्रशासन ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने के अधिकार का हनन किया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन यह कदम उठाया गया।

## लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के हिंदू समाज में तीव्र आक्रोश और रोष फैल गया है।

इस्लाम नगर रोड स्थित श्मशान घाट के ठीक बगल में चल रही मानकपुर रकबा में तालाब की खुदाई के दौरान छोटे बच्चों की अंतिम संस्कार एवं दबाने वाली पवित्र जगह को बिना किसी पूर्व सूचना के खूर्द-बूर्द कर दिया गया। खुदाई इतनी गहरी की गई कि करीब 25 फुट गहरा गड्ढा खोद लिया गया, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि श्मशान घाट पर छोटे बच्चों का अंतिम संस्कार दफनाने के रूप में ही किया जाता है। उसी के बगल में सरकारी योजना के तहत तालाब की खुदाई चल रही थी। नरेश गोयल और सुधीर भगत ने बताया,बच्चों को दबाने वाली पूरी जगह को खोद दिया गया।

# दो शातिर चोरों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने चोरी की तीन अलग-अलग घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को को माल समेत गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने हलवाना रोड से इब्राहिमपुर जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास छापेमारी कर अभियुक्त शादाब पुत्र दीन मोहम्मद और नौशाद पुत्र दिलशाद, दोनों निवासी ग्राम कमेशपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 4.5 किलोग्राम तार कॉपर और 1000 रुपये बरामद किए। पूछताछ में दोनों ने एक स्वर में स्वीकार किया कि वे अपने साथी कादिर (निवासी कस्बा छुटमलपुर) के साथ मिलकर फरवरी माह में कमालपुर और भटपुरा क्षेत्र में तथा मार्च माह में रात के समय किसानों की ट्यूबवेलों के ताले तोड़कर स्टार्टर, कटआउट और केबल काटकर कॉपर निकालते थे शुक्रवार को हम बेचने के लिए निकले थे तभी पकड़े गए।

उन्होंने यह भी बताया कि 5 फरवरी को कस्बा छुटमलपुर में एक व्यक्ति की जेब से 6000 रुपये चोरी किए थे, जिसमें से 1000 रुपये बचे हैं और बाकी खर्च कर दिए। ये तीनों मामले थाना फतेहपुर में पहले से दर्ज थे। दोनो को कोर्ट में पेश किया गया।

# कोई भी नई परम्परा न करें शुरू: विनय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए फतेहपुर थाना प्रभारी विनय शर्मा ने शुक्रवार को थाना प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई।

बैठक में थाना प्रभारी विनय शर्मा ने साफ कहा कि केवल पुरानी परंपरागत शोभायात्रा को ही अनुमति दी जाएगी। किसी भी नई शोभायात्रा या अनधिकृत जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस निकालने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी विनय शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि डॉ. अंबेडकर जयंती को अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूरा सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या उत्तेजक गतिविधियों से बचें बैठक में एसएसआई भूपेंद्र शर्मा, चमारी खेड़ा चौकी इंचार्ज अमित सोनी, उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद, पीसी रमेश राणा, विजयपाल प्रधान, टीपू राणा प्रधान, राव राशिद प्रधान, दतौली मुगल विक्रम प्रधान, हलवाना साजिद प्रधान, नानका दानिश गौड़, हाजी छोटा सोनू कुमार, रामपाल और क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधानों, चौकीदारों तथा धर्म गुरुओं ने भाग लिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द, जनपद सहारनपुर**

पत्रांक: मीमो/ना0पा0परि0दे0/2026-27 दिनांक: 9-04-2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द जनपद सहारनपुर सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंकों (आवासीय-व्यवसायिक) का संरचना/बनावट निर्माण 01,जनवरी 2021 के बाद IS2470 (पार्ट-01 एवं पार्ट-02) के मानको के दिशा निर्देशानुसार कराया जाए, अन्यथा की दशा में नगर पालिका परिषद देवबन्द, सहारनपुर द्वारा विहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**
**जनपद सहारनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**
**जनपद सहारनपुर**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र तनवीर अहमद व उसकी पत्नि श्रीमति गुलिश्ता को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**तालिब पुत्र मकसूद निवासी म.नं. 449 बाजोरियो रोड, दाबकी जुनारदार, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर**

पत्रांक-43 / बोरा - अनु० पत्रावली / 2025-26 दिनांक 10 अप्रैल, 2026

**"शुद्धि - पत्र"**

इस कार्यालय के पत्रांक- 21 / बोरा - अनु0 / 2025-26 दिनांक 07 अप्रैल, 2026 के द्वारा सहारनपुर सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूं खरीद हेतु बोरों की आवश्यकता के दृष्टिगत Once Used (एक बार प्रयुक्त जूट बोरा / 50 कि०ग्रा० भरती) जूट बोरों के क्रय हेतु जनपदवार ई-निविदा आमन्त्रित की गयी हैं।


आर०एफ०पी० के प्रस्तर - 01 के अनुसार सभी निविदाकर निर्धारित सम्प्रदान अवधि अधिकतम सम्प्रदानित की जाने वाली मात्रा के अनुसार मात्रा एवं दरें बिड में दी जाये। जनपदवार न्यूनतम 20 गांठ (10,000.00 बोरा एस0बी०टी०) यूज्ड जूट बोरों से कम ऑफर वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

सप्लाई आर्डर के सापेक्ष निविदाकार द्वारा आपूर्ति किये गये बोरों में यदि बोरो की कुछ मात्रा अप्रयुक्त अथवा गेहूँ खरीद 2026-27 में प्रयुक्त होने से अवशेष रह जाती है तो ऐसी समस्त मात्रा को निविदाकार द्वारा जनपद में निर्दिष्ट गोदामों से अपने खर्चे / भाड़े पर उठाया जाना होगा एवं इस मात्रा का भुगतान आपूर्तिकर्ता को देय नहीं होगा।

अतः उक्तई - निविदा आमंत्रित में उक्त संशोधन करते हुए इस कार्यालय के पत्रांक- 21 दिनांक 07 अप्रैल, 2026 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

**(बी०सी० गौतम)**
**सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी,**
**सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर।**

# मण्डल पदाधिकारियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय जनता पार्टी में संगठन विस्तार के तहत नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों का उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय औद्योगिक राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने अपने आवास पर स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा दीपक सैनी को मंडल अध्यक्ष, सौरव सैनी को उपाध्यक्ष, बलराम राणा एवं ओमवीर चोकर को महामंत्री, बबली देवी और बबीता कश्यप को मंडल मंत्री के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा बबली देवी को पूर्व में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष तथा बबीता कश्यप को पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा की जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है।

कार्यक्रम में मंडल मंत्री निहाल सिंह वाल्मीकि सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ को पुन: मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करने की बात कही।

# चोरी के बाद ले भागे डीवीआर

**चिलकाना।** नगर में अज्ञात चोरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक दुकान का शटर तोडकर इंवर्टर, बैंटरो के साथ साथ कैमरे की डीवीआर भी चोरी कर ली गई। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों का पता लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा चोरी हुआ सामान बरामद कराये जाने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को देर रात के समय अज्ञात चोर चिलकाना सुल्तानपुर बाईपास रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक दुकान का शटर तोडकर इंवर्टर, बैंटरो सहित कैमरे की डीवीआर आदि पर हाथ साफ करके वहां से फरार हो गये। पीड़ित दुकानदार परीक्षित सैनी पुत्र पृथ्वी सिंह सैनी निवासी ग्राम पटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाईपास चोराहे से सुल्तानपुर जाने वाले रोड पर उसकी इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है।

बृहस्पतिवार को रात के समय प्रतिदिन की भांति वह दुकान बंद करके अपने घर आ गया था। रात्रि लगभग पौने तीन बजे उसे एक परिचित डम्पर चालक ने फोन करके बताया कि उसकी दुकान का शटर खुला हुआ है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने अपनी दुकान पर आकर देखा तो शटर टूटा हुआ था और दुकान में रखे पांच नये तथा एक पुराना बैंटरा, दो ट्रैक्टर के बैंटरे, मोटरसाइकिल की पांच बैटरी व छ: नये इंवर्टर के साथ साथ कैमरे की डीवीआर भी गायब थी। पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स



**चिलकाना।** नव जनोदय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम की इंचार्ज माधुरी भारद्वाज ने छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मरक्षा के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में छात्राएं घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और अपने अभिभावकों व शिक्षकों को सूचित करें। उन्होंने यह भी बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर क्राइम, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कालेज प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी ने भी छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजनों को समय-समय पर कराने की मांग की। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल राखी शर्मा, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, विष्णु नोहवार, अनीता, धीरज सिंह आदि रहे।

# भारतीय नौसेना के जवान की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र में दिल्ली वाया देहरादून हाईवे पर शुक्रवार की सायं लगभग तीन बजे हुए एक सड़क हादसे में भारतीय नौसेना में कार्यरत 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक मौके से फरार गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है और साथ ही घायल मां को अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली



जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के दिल्ली वाया देहरादून हाईवे पर उनकी मोटर साइकिल को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहन की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मां मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची फुगाना पुलिस ने घायल मुकेश को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रैफर किया गया है जहां उनका इलाज जारी है। मृतक मोहन पुत्र शिवनारायण निवासी जिला बागपत है। वह अपनी मां मुकेश पत्नी शिवनारायण को लेकर शामली स्थित एक डॉक्टर के यहां दवाई लेने गए थे। दवाई लेकर वापस लौट रहें थे तभी यह हादसा हुआ जिसमें मोहन की मौत हो गई।?

# स्कूली वैन में आग लगने से हड़कंप, कई बच्चे झुलसे

## हरीनगर-झबरपुर में अफरा-तफरी, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** विकासखंड पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम हरीनगर-झबरपुर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बच्चों को स्कूल लेकर जा रही एक स्कूली वैन अचानक आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते वैन धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही पलों में आग के गोले में तब्दील हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैन में सवार बच्चे आशीष इंग्लिश एकेडमी के थे, जो प्रतिदिन की भांति स्कूल जा रहे थे। घटना के दौरान कई बच्चों के झुलसने की सूचना है, जिससे क्षेत्र में



अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत साहस का परिचय देते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच कराई जाए तथा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## स्टण्ट कर रहे युवकों की थार कार सीज

**मुजफ्फरनगर।** शादी-ब्याह में जहां आतीशबाजी का शोक सर चढते बोल रहा है वहीं बारातियों की गाडी में स्टण्ट बाजी करने के मामले लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है।

शुक्रवार को पुलिस ने थार गाडी में स्टण्ट बाजी कर रहे युवकों को कडी चेतावनी के बाद उनकी थार गाडी को सीज कर दिया है। बताया जाता है कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें थार गाडी संख्या यूपी12 बीवी 8283 में युवक खडे होकर स्टण्टबाजी करते नजर आ रहे है। पुलिस ने कुछ देर बाद उक्त थार को ढूंढ निकाला जहां सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उक्त थार गाडी में बाराती स्टण्डबाजी कर रहे थे और गाडी को सीज कर दिया गया।

# मतदाताओं की अंतिम सूची जारी, 2.19 लाख नाम हटे

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के व्यापक पुनर्निरीक्षण के बाद अंतिम सूची जारी हुई है। इस प्रक्रिया में बडी संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए है, जबकि नए मतदाताओं को जोडा गया है। इस सूची में मतदाता की संख्या में संतुलित वृद्धि दर्ज की गई।

शुक्रवार को छह विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। इस अभियान के दौरान जिले में कुल 2.19 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए है इनमें ऐसे मतदाता के नाम हटे जिसमें मतदाता या तो मर चुके है या डुप्लीकेट नाम या फिर दूसरे स्थान पर जाकर रहने लगा हो। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद की छह विधानसभा सीटो की अंतिम सूची जारी की है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 18.93 लाख से अधिक हो गई। छह विधानसभा सीटो पर कुल 21,12,586 मतदाता थे जिनमें छह जनवरी को जारी अंतिम मतदाता सूची में 3,44,217 नाम हटाए गए। और अंतिम मतदाता सूची में 2112586 में से 1769369 मतदाताओं के नाम शामिल नहीं थे।

# निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

- बार काउंसिल चेयरमैन शिव कुमार गौड मुख्य अतिथि रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शुक्रवार को सिविल बार एसोसिएशन मुजफ्फनगर के राष्ट्रीय सभागार में नवनिर्चाचित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन बार काउंसिल शिव कुमार गौड रहे। और जैगम मिया जैदी मुख्य चुनाव अधिकारी व मुकेश त्यागी बिजेन्द्र प्रताप ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।



इस दौरान सुगंध जैन, सतेन्द्र कुमार, संजीव त्यागी, सुधीर कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमार, प्रशांत शर्मा, कु. रेखा शाही, मानसी शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, जय कुमार पंवार, महेन्द्र कुमार सुभाष चन्द, गायत्री आर्य, प्रियंका गौतम, ललित कुमार, अनिल कुमार, हिमांशु कुमार, सुभाष चंद, अदिति अग्रवाल, संगीता वर्मा तथा सुनील कुमार मित्तल आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।





मुजफ्फरनगर: नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता।

# ईरान में फंसे वैभव के परिजनों ने मंत्री कपिल से लगाई गुहार

- गत माह से ईरान के खुर्रम शहर में फंसा है युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के एक 24 वर्षीय युवक वैभव पिछले करीब एक महीने से ईरान के खुर्रम शहर में फंसा हुआ है। युवक की सुरक्षित वापसी को लेकर परिजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मदद की गुहार लगाई है। बता दे कि मुजफ्फरनगर ही नहीं कई जनपदों के लोग ईरान व अन्य देशों में फंसे



हुए है। जो अपने वतन लौटने की आस देख रहे है।

# असम मुख्यमंत्री पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

## पुतला दहन करने का प्रयास पुलिस ने किया विफल, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंकने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया प्रदर्शनकारी कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट गेट पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया यहां नगर मजिस्ट्रेट ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आसम के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है।

शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर विरोध जताया। कांग्रेस कैंप कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में वरिष्ठ नेता कमल मित्तल ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं में इस तरह की भाषा स्वीकार्य नहीं है, उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है,

वहीं जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को अपने पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए और इस तरह के बयान लोकतंत्र के लिए चिंता. जनक हैं। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित बयान के विरोध में कचहरी गेट पर प्रदर्शन किया और विरोध में कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे रोक दिया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि इस प्रकार की भाषा के प्रयोग पर उचित कार्रवाई की जाए। इस दौरान बिल्किस चौधरी, आकिल राणा, मनोज चौधरी, जिला सेवादल अध्यक्ष नौशाद अल्वी, साकिब अंसारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिम चलाने के लिए कराना पड़ेगा रजिस्ट्रेशन

- सरकार ने उठाए बड़े कदम, जिम संचालकों को दिया पालन का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उप क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि जनपद में संचालित कराये जा रहे अपंजीकृत और जिम संचालकों को जिला प्रशासन एवं खेल विभाग की ओर से सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन के जारी दिशा निर्देश के अनुरूप सभी स्वीमिंग पूल एवं जिम संचालक जिला खेल कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर आव्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए अपना आवेदन कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल 2026 से पूर्व जमा कराना होगा। सम्बन्धित संस्थान की इस कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा जाँच के बाद एन.ओ.सी छब्ब प्रमाण पत्र इस कार्यालय द्वारा जारी किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात बिना पंजीकरण पूल एवं जिम सचालित होते हुई मिली तो उनके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।बता दे कि कुछ दिन पूर्व शासन प्रशासन ने प्रोटीन पर कडी जांच के साथ नकली और मिलावटी तथा नुकसान देय प्रोटीन बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिए थे जिसके बाद प्रोटीन बेचने वालों में काफी समय तक हड़कंप मचा रहा।

# नवजात शिशु की मौत का मुकदमा दर्ज

- चिकित्सक, आशा और स्टाफ हुए नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** काफी गहमा गहमी और रस्साकसी के चलते नवजात शिशु की मौत का मामला आरोपी अस्पताल के कर्मचारी और आशा के खिलाफ दर्ज करा दिया गया है, हालांकि इस मामले में कई दिन तक फैसले की बात चलती रही, लेकिन जब बात नहीं बनी तो यह मामला दर्ज करा दिया गया। इसमें खास बात यह भी है कि सरकारी अस्पतालों के मरीजों को बहला फुसलाकर या यूं कहा जाए कि उन्हे डर, खौफ दिखाकर मरीज को निजी अस्पतालों में भर्ती कराने के मामले में कुछ आशाएं खास रोल अदाए कर रही है। निजी अस्पतालो में उनका क्या मामला है यह तो जांच का विषय है, लेकिन आशा द्वारा अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करने की सलाह देने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी देखने और सुनने को ऐसे मामले मिल रहे है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रहमानिया कॉलौनी शाहबुद्दीनपुर के रहने वाले अब्दुल्ला पुत्र समयदीन ने सिविल लाइन थाने में एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी पुत्रवधु जोया पत्नी मारूफ को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल में बीस मार्च को ले जाया गया। भर्ती के बाद आशा मांगी ने सरकार अस्पताल में इलाज कराने को मना किया और कहा कि वह एक अच्छे अस्पताल में ले जाएगी और न्यू लाइफ हॉस्पिटल रूडकी रोड में उसकी नॉर्मल डिलीवरी की बात कही। उसकी पुत्रवधु को न्यू लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया जहां बच्चे का जन्म हुआ। शिकायतकर्ता का कहना है कि डिलीवरी होने के बाद डॉक्टर मोईन ने उन्हे सभी चीजे नॉर्मल बताते हुए अलगे दिन छुट्टी की बात कही और 41000 हजार रूपये उनसे ले लिए। इसके बाद बच्चे को आईसीयू में रखने के लिए कहा और डॉक्टर मोइन ने बच्चे की हालत खराब बताते हुए उसको सिटी स्कैन कराने की बात कही। उन्होने एक हॉस्पिटल में बच्चे का सिटी स्कैन कराया। डॉक्टर मोईन ने सिटी स्कैन को भी नॉर्मल बताया।

इसके बाद बच्चे का ब्लड टैस्ट कराया, लेकिन इसके बाद भी बच्चे को छुट्टी नहीं दी गई 26 मार्च की रात्रि एक बजे डॉक्टर मोईन पर यह आरोप है कि उन्होने बच्चे की हालत गंभीर बताते हुए उसे मेरठ ले जाने की बात कही। और उन्हे 25 हजार रूपये ओर जमा करने के लिए एक बिल ओर दिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पौते को स्वस्थ होने के बाद भी जबरदस्ती हॉस्पिटल में रखा गया। और इसी के चलते बच्चे की मौत हो गई। यह मामला आशा और डॉक्टर तथा स्टाफ के खिलाफ सिविल लाइन थाना पुलिस ने दर्ज कर लिया है।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal)
तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पता: चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662



# हॉकी इंडिया ने टिम व्हाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाया



नई दिल्ली, वार्ता। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर टिम व्हाइट को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच नियुक्त कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई के टिम व्हाइट ने हाल ही में जनवरी 2026 में हॉकी इंडिया लीग (हॉकी एचआईएल) में अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। अब वह भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच की भूमिका संभालेंगे।

उनका मुख्य लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सितारों की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। भारत आने से पहले, व्हाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे, और उन्होंने दिसम्बर में हुए 2025 जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 2021 से 2024 के बीच, वह बेल्जियम की राष्ट्रीय महिला टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम ने अपनी विश्व रैंकिंग में जबरदस्त सुधार करते हुए 12वें स्थान से तीसरे स्थान पर जगह बनाई, और विशेष रूप से 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। अपनी नियुक्ति को लेकर टिम व्हाइट ने कहा कि हाल ही में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद, मैं इस देश के जबरदस्त जुनून और हॉकी की समृद्ध संस्कृति से एक बार फिर बहुत खिंचा चला आया। मैंने जूनियर वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ कोचिंग करते हुए यहां की युवा प्रतिभा को करीब से देखा है, और ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ एक फुल-टाइम प्रोग्राम में काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा लक्ष्य ऐसे तकनीकी रूप से दक्ष खिलाड़ी तैयार करना है, जो जूनियर और सीनियर टीम के बीच के अंतर को पाटने और सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हों। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डा. दिलीप टिर्की ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि हमें टिम व्हाइट को अपने साथ जोड़कर बहुत खुशी हो रही है। बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया के जूनियर प्रोग्राम्स में उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड खुद अपनी कहानी कहता है, खासकर जूनियर वर्ल्ड कप में टीमों को पोडियम तक पहुंचाने में उनकी सफलता। हमें विश्वास है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और एथलीट डेवलपमेंट में उनका विशाल अनुभव हमारी जूनियर महिला टीम को सीनियर इंटरनेशनल हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे सीडी का निधन



चेन्नई, वार्ता। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे सीडी गोपीनाथ का कल शाम यहां निधन हो गया। भारतीय क्रिकेट के 'ग्रैंड ओल्ड मैन' कहे जाने वाले सीडी गोपीनाथ 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे आखिरी जीवित सदस्य थे।ऑस्ट्रेलिया के नील हार्वे के बाद, वह दुनिया भर में दूसरे सबसे उम्रदराज जीवित क्रिकेटर थे। वह 96 वर्ष के थे।

उनके परिवार में उनकी पत्नी कोमाला, तीन बच्चे और पोते-पोतियां हैं। एक मार्च, 1930 को जन्मे चिंगलपुट दोराईकन्नू गोपीनाथ, दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज थे। उन्होंने 1951 से 1960 के बीच आठ टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 12 पारियों में 242 रन बनाए, जिसमें 50 रन (नाबाद) उनका सर्वोच्च स्कोर था। आठ टेस्ट मैचों में भारत के लिए गेंदबाजी की एकमात्र पारी में, उन्होंने 11 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, उन्होंने 83 मैचों (119 पारियों) में 4,259 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और 23 अर्धशतक शामिल थेद्ध उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 234 रन था। गेंदबाजी में उन्होंने 14 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 3 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वह मद्रास (अब तमिलनाडु) टीम के भी एक प्रमुख सदस्य थे, जिसने 1954-55 के सत्र में रणजी ट्रॉफी जीती थी। 1970 के दशक में, वह राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में फिर से सामने आए, और 1979 में उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का प्रबंधन किया। गोपीनाथ के निधन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत की ऐतिहासिक पहली टेस्ट विजेता टीम के सदस्य थे, और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में देश की यात्रा में शुरुआती योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। गोपीनाथ ने 1951 से 1960 के बीच आठ टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपने डेब्यू मैच में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 नॉट आउट और 42 रन बनाकर तुरंत अपनी छाप छोड़ी। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि श्री सी-डी-गोपीनाथ उस दौर का प्रतिनिधित्व करते थे जब भारतीय क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाना शुरू कर रहा था।

## खेल विशेष

### टी-20 विश्वकप कप से पहले पाकिस्तान करेगा जिम्बाब्वे की मेजबानी

हरारे, वार्ता। आगामी महिला टी-20 विश्वकप से पहले जिम्बाब्वे की महिला टीम पाकिस्तान में छह मैचों की सफेद गेंद सीरीज खेलेगी। यह पहली बार होगा जब जिम्बाब्वे की महिला टीम इस उपमहाद्वीप के देश का दौरा करेगी। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच शामिल हैं, ये सभी कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेले जाएंगे।आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे की टीम 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। इसके बाद, तीन मई को एकदिवसीय मैचों के साथ दौरे की शुरुआत होगी। इसके बाद 12 मई से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। तीनों एकदिवसीय मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा होंगे, जबकि टी-20 मैच पाकिस्तान के लिए इस साल के आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होंगे। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 12 जून से शुरू होगा। इस बड़े टूर्नामेंट से पहले, पाकिस्तान आयरलैंड का दौरा भी करेगा, जहां वह मेजबान टीम और वेस्टइंडीज के साथ मिलकर एक टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लेगा।

### आर्यना सबालेंका स्टटगार्ट ओपन से हटीं

स्टटगार्ट (जर्मनी), वार्ता। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका चोट के कारण स्टटगार्ट ओपन से हट गई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं इस साल पोर्श टेनिस ग्रां प्री में नहीं खेल पाऊंगी। दुर्भाग्य से, मियामी के बाद मुझे चोट लग गई, और हालांकि मैंने इसे ठीक होने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मैं अभी मुकाबले के लिए तैयार नहीं हूं। सबालेंका पिछले महीने 'सनशाइन डबल' जीतने वाली सिर्फ पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं, जब उन्होंने इंडियन वेल्स में अपनी जीत के बाद मियामी में भी सफलता हासिल की। बेलारूस की यह खिलाड़ी, जो स्टटगार्ट में चार बार उपविजेता रही हैं, उनकी जगह इस टूर्नामेंट में पोलैंड की मैग्डालेना फेच लेंगी। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू हो रहा है।

### विश्वनाथ ने जीता गोल्ड, पांच स्वर्ण के साथ भारतीय अभियान समाप्त

उलानबटोर, वार्ता। भारतीय पहलवान विश्वनाथ सुरेश ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों के 50 किग्रा भार वर्ग में जापान के दाइची इवाई को 5-0 के बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ भारत ने पांच स्वर्ण पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। सचिन (60 किलोग्राम) भार वर्ग में भी कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक जीता। चैंपियनशिप में भारत पांच स्वर्ण पदकों, कजाकिस्तान से एक कम, के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि भारत ने कुल मिलाकर सबसे अधिक 16 पदक जीते। इस प्रदर्शन की मुख्य बात भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा।

# रोजाना 100-150 छक्के मारने का अभ्यास करता हूं: मुकुल चौधरी

कोलकाता, वार्ता। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाने वाले मुकुल चौधरी का कहना है कि वह प्रतिदिन 100 से 150 छक्के मारने का अभ्यास करते है। गुरुवार को अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुकुल चौधरी ने छक्के लगाने की अपनी काबि. लियत पर कहा कि मेरे शरीर में थोड़ी ताकत है और यह स्वाभाविक रूप से मुझे मिली है।

मैं प्रतिदिन 100-150 छक्के मारने का अभ्यास भी करता हूं तो इससे आपकी बैट स्पीड अच्छी होती है। पिछले पांच या छह महीनों में मैंने बहुत अधिक अभ्यास किया है तो अब यह मेरे खेल का हिस्सा बन चुका है। 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा के खिलाफ लगाए गए हेलीकॉप्टर शॉट को लेकर चौधरी ने कहा, "मैंने बचपन से ही उस शॉट का बहुत अभ्यास किया है। मुझे हमेशा से वो शॉट और जिस तरह से धोनी पारी का अंत करते हैं वो पसंद था। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। यदि आप उस तरह की गेंद पर छक्का मार देते हैं तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। चौधरी ने 2025-26 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही अपने टैलेंट का परिचय दे दिया था। उन्होंने राजस्थान के लिए दिल्ली के खिलाफ 176 रनों की चेज में केवल 26 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाए थे जिसमें सात छक्के शामिल रहे थे। उन्होंने एलएसजी के अपने साथी खिलाड़ी आयुष बदोनी को छक्का मारकर ही मैच का अंत किया था। चौधरी ने टूर्नामेंट में 57-66 की औसत और 198-85 की स्ट्राइक-रेट के साथ 173 रन बनाए। इसके बाद एलएसजी ने उनके लिए नीलामी में 2-6 करोड़ रुपए खर्च कर दिए और एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर ने तो यहां तक कह दिया कि वह चार महीनों में चौधरी को भारत का सबसे खतरनाक नंबर 6 या 7 का बल्लेबाज बना देंगे। चौधरी ने लैंगर की बातों से मिली प्रेरणा पर कहा कि जब उनके जैसा एक बड़ा कोच आपके बारे में कुछ ऐसा बोलता है तो निश्चित तौर पर उसे आपके अंदर कुछ दिखा होगा।

# पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना

मुल्लांपुर, वार्ता। पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में अपनी शुरुआती लय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखेगी, जब वे शनिवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 17वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेंगे। यह मुकाबला दोनों टीमों की फॉर्म, संतुलन और खेल के तरीके में अंतर के लिए जाना जाएगा। पंजाब किंग्स ने इस सीजन की शुरुआत मजबूती से की है, उन्होंने अपने पहले तीन मैचों में से दो जीते हैं और खुद को शुरुआती दावेदारों के रूप में स्थापित किया है।

उनकी बैटिंग यूनिट ने कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में स्थिरता दिखाई है, जबकि प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, कूपर कोनोली, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्कस स्टोइनिस और रमनदीप सिंह ने मिडिल ऑर्डर में गहराई और लचीलापन प्रदान किया है। उनका बॉलिंग अटैक भी हर चरण में प्रभावी रहा है, जिसकी अगुवाई अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाक और मार्को यानसन कर रहे हैं। वहीं, युजवेंद्र चहल, हरप्रीत बरार और अनुकूल रॉय की स्पिन जोड़ी ने मिडिल ओवर्स में मैच पर नियंत्रण बनाए रखने में मदद की है। इस तालमेल की बदौलत पंजाब किंग्स ज्यादा स्कोर वाले और कम स्कोर वाले, दोनों तरह के मुकाबलों में संतुलन बनाए रखने में सफल रहा है।

सनराइजर्स हैदराबाद का अब तक का सफर मिला-जुला रहा है, उन्होंने तीन मैचों में से सिर्फ एक जीता है। उनकी टीम में जबरदस्त क्षमता तो है, लेकिन वे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में कमजोर साबित हुए हैं। उनकी बैटिंग लाइनअप में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, नीतीश कुमार रेड्डी, एडेन मार्करम, अब्दुल समद और लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अकेले दम पर मैच जिताने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगातार लंबी साझेदारियां बनाने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। वहीं, उनके बॉलिंग यूनिट में हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, टी नटराजन, शिवम कुमार और हर्ष दुबे शामिल हैं।

# तीन हार के बाद दिल्ली को हराने के इरादे से उतरेगी चेन्नई

- लगातार अच्छे प्रदर्शन से दिल्ली आत्मविश्वास से भरी,
- एमएस धोनी की कमी लगातार चेन्नई को सता रही



चेन्नई, वार्ता। पांच बार की विजेता और इस समय लड़खड़ा रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अब तक का सफर काफी कड़वा रहा है। लगातार तीन हार झेलने के बाद, घरेलू मैदान पर खेल रही यह पसंदीदा टीम शनिवार रात यहां के एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में एक अहम आईपीएल मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना करते हुए अपनी किस्मत पलटने की उम्मीद करेगी।

टीम के प्रदर्शन से यह साफ जाहिर होता है कि उसे अपने दिग्गज खिलाड़ी एम-एस- धोनी की कमी कितनी खल रही है। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिचाव से उबर रहे थे, जिसके चलते वे शुरुआती दो हफ्तों तक मैदान से बाहर रहे। अच्छी खबर यह है कि वे तेजी से ठीक हो रहे हैं और अगले मुकाबले में उनकी वापसी की पूरी संभावना है। चोट से उबर चुके बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की संभावित वापसी इस अहम मुकाबले में टीम के मध्यक्रम को मजबूती देगी। इस मैच में जीत 'फ्लो ब्रिगेड' (सीएसके) की किस्मत को फिर से चमका सकती है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में महज एक रन से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद वापसी करने को बेताब होगी। इस सीजन के अपने चौथे मैच में भारी जीत की तलाश में जुटी सीएसके अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर खिसक गई है, और अब तक जीत का स्वाद नहीं चखने वाली एकमात्र टीम बनी हुई है। वहीं, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) अपने पिछले मैच में जीटी के खिलाफ मिली एक रन की हार को भुलाकर अपनी तीसरी जीत दर्ज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तीन हार झेल चुकी सीएसके का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक बिल्कुल नहीं रहा है। उसे एक मुश्किल पिच पर राजस्थान रॉयल्स के हाथों करारी शिकस्त मिलीघ्द घरेलू मैदान पर एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में 200 से ज्यादा रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स ने उसे पांच विकेट से हरा दिया, और बेंगलुरु में मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने उसे 43 रनों के बड़े अंतर से मात दी। टीम का शीर्ष क्रम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है, पावरप्ले के दौरान एक साथ कई विकेट गिरते रहे हैं (जिसमें युवा आयुष म्हात्रे एकमात्र अपवाद रहे हैं), और मध्यक्रम भी काफी कमजोर नजर आया है। सभी बातें चिंता का सबब हैं और सीएसके को इस समस्या का समाधान तुरंत निक. लना होगा। ओपनर संजू सैमसन, टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद, अब अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए बेताब हैं, जबकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन अब तक काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इन दोनों खिलाड़ियों को अपनी फॉर्म वापस पाने की जरूरत के अलावा, म्हात्रे अपनी अच्छी लय को जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे और सरफराज खान को भी अपने शानदार अंदाज से कमाल दिखाना चाहिए। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ब्रेविस की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में और गहराई आएगी, वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर को बड़े स्कोर बनाने होंगे, जबकि इस बेहद अहम मुकाबले में स्पिनर नूर अहमद से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी लगभग सभी गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए, खासकर आरस. बी के खिलाफ, जिसमें 250 रन बनाए थे।

# एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं मुकुल चौधरी

कोलकाता, वार्ता। लखनऊ सुपर जायंट्स को कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाने वाले मुकुल चौधरी पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं। जियोहॉटस्टार से बात करते हुए, मुकुल चौधरी ने एम एस धोनी के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा एमएस धोनी को अपना आदर्श मानता हूं क्योंकि मैं भी एक फिनिशर हूं।

मैं हमेशा उनसे प्रेरणा लेता हूं। उनका 'हेलीकॉप्टर शॉट', जो कि बहुत मशहूर है, मेरा पसंदीदा है। जिस तरह से उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी, वह हर किसी को याद है। मैं भी उनकी तरह बनना चाहता हूं, मैचों को फिनिश करना चाहता हूं और अपनी टीम को जीत दिलाने में मदद करना चाहता हूं। अपने पिता के त्याग और क्रिकेट खेलने के अपने सफर की कहानी पर उन्होंने कहा कि बड़े लेवल पर क्रिकेट खेलना मेरे पिता का सपना था, हम एक बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं और वह चाहते थे कि परिवार का कोई सदस्य क्रिकेट खेले। आजकल, क्रिकेट में बहुत पैसा और शोहरत है। क्रिकेट उनका पसंदीदा खेल है, लेकिन हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह खुद पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेल पाते। शादी से पहले ही उन्होंने यह तय कर लिया था कि जब उनका बेटा होगा, तो वह उसे क्रिकेट जरूर खिलाएंगे। जब मैं छोटा था, तब हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी और उन्होंने किसी तरह मुझे किसी क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाना मुश्. कल रहा था। उस समय, वह एक कॉलेज में पढ़ाते भी थे और साथ ही आरएएस की तैयारी भी कर रहे थे, तब उन्हें यह समझ आ गया कि या तो वह राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आरएएस) की तैयारी कर सकते हैं।

# खिलन जोशी ने चार शॉट से जीता आंध्र ओपन का खिताब

विशाखापत्तनम, वार्ता। खिलन जोशी ने विशाखापट्टनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपए के आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2026 में दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए अपना सातवां पेशेवर खिताब जीता। 33 वर्षीय बेंगलुरु के खिलन (68-68-70-69) ने कुल नौ-अंडर 275 के स्कोर के साथ चार शॉट के आरामदायक अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली और वे 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गए,

जबकि उनकी सीजन कमाई 18,13,875 रुप हो गई। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65), जो टूर पर दो बार के विजेता हैं, ने अंतिम राउंड में कोर्स रिकॉर्ड छह-अंडर 65 का स्कोर बनाकर 13वें स्थान से छलांग लगाई और कुल पांच-अंडर 279 के साथ उपविजेता रहे, जो विजेता से चार शॉट पीछे थे।

जोशी ने अंतिम राउंड की शुरुआत सात-अंडर पर तीन शॉट की बढ़त के साथ की और दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए पांच बर्डी और तीन बोगी के साथ खिताब अपने नाम किया। यह उनकी अगस्त 2022 में कोयंबटूर के बाद 44 महीनों में पहली जीत रही।

अपने प्रदर्शन पर जोशी ने कहा कि मैं खासकर बैक-नाइन पर थोड़ा नर्वस था, लेकिन मैंने धैर्य बनाए रखा और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा किया। शुरुआत वैसी नहीं रही जैसी मैं चाहता था, लेकिन मैं अपने एप्रोच पर कायम रहा और अच्छी वापसी की। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने दबाव में संयम बनाए रखा और राउंड अच्छे से खत्म किया। पूरे हफ्ते मेरी बॉल- स्ट्राइकिंग मजबूत रही-मैंने हवा में अच्छा कंट्रोल रखा, ड्राइविंग लगातार अच्छी रही और काफी ग्रीन्स हिट किए। पटिंग मेरी सबसे अच्छी नहीं थी, लेकिन ग्रीन्स हिट करना ही फर्क बना। उपविजेता अक्षय शर्मा के कोर्स रिकॉर्ड अंतिम राउंड 65 में सात बर्डी और एक बोगी शामिल रही। उनकी पांच बर्डी बैक-नाइन पर आई। सप्तक तलवार (70-74-68-68), जो वर्तमान डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग लीडर हैं और पिछले महीने इंडोरामा वेंचर्स ओपन के विजेता रहे, चार-अंडर 280 के स्कोर के साथ दुबई के यश मजमुदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। तलवार ने 5,49,800 रुपए की कमाई के साथ अपनी कुल सीजन कमाई 75,80,000 रुपए तक पहुंचाई और रैंकिंग में अपनी बढ़त और मजबूत की।

# 37 सेट जीतने का रिकॉर्ड टूटने के बाद सिनर अंतिम आठ में



मोनाको, वार्ता। जानिक सिनर ने 186 दिनों में पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स इवेंट में एक सेट गंवाया, लेकिन फिर भी वह टॉमस माचाक को हराकर मोंटे कार्लो क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। इस इतालवी खिलाड़ी ने पिछले तीन मास्टर्स 1000 खिताब - पेरिस, इंडियन वेल्स और मियामी- बिना कोई सेट गंवाए जीते थे। हालांकि, उनके लगातार 37 सेट जीतने का सिलसिला अचानक तब टूट गया जब दूसरे सेट में उनका नियंत्रण खो गया और चेक गणराज्य के माचाक ने इसका फायदा उठाकर टाई-ब्रेक जीत लिया।

अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स के बाद यह पहली बार था जब सिनर ने इस स्तर पर कोई सेट गंवाया था। उस समय वह नीदरलैंड के टैलन ग्रीक्सपोर के खिलाफ चोट के कारण मैच से हट गए थे। लेकिन सिनर ने मोनाको में अपना संयम वापस पाया, निर्णायक सेट को जीता और 6-1, 6-7 (3-7), 6-3 से जीत पूरी की - मास्टर्स टूर्नामेंट में यह उनकी लगातार 19वीं जीत थी। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर, जिन्होंने कभी क्ले-कोर्ट मास्टर्स 1000 खिताब नहीं जीता है, अंतिम आठ में कनाडा के छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम का सामना करेंगे। यदि सिनर मोंटे कार्लो टूर्नामेंट जीत जाते हैं, तो सोमवार को जब रैंकिंग अपडेट होगी, तो वह कार्लोस अल्काराज की जगह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। मई की शुरुआत में होने वाले इटैलियन ओपन तक उन्हें अपने किसी भी रैंकिंग अंक का बचाव नहीं करना है, क्योंकि पिछले साल इसी समय वह दो डोपिंग टेस्ट में फेल होने के कारण तीन महीने का निलंबन झेल रहे थे।

अल्काराज ने मोंटे कार्लो में अपने खिताब बचाने के अभियान को जारी रखा, दूसरे सेट में कई गलतियां करने के बाद उन्होंने वापसी की और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। शुरुआती सेट को 26 मिनट में आसानी से जीतने के बाद, इस स्पेनिश खिलाड़ी का खेल थोड़ा गिरा और दूसरे सेट में उन्होंने 23 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) कीं।

# सीएम ग्रिड-2 सड़क निर्माण के लिए शिला पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीएम ग्रिड फेस-2 के अंतर्गत बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का आज आवास विकास में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर डॉ.अजय कुमार व पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा के अलावा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं आवास विकास वेल्फेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, राहुल लखनपाल, सीएम ग्रिड-2 से सम्बद्ध क्षेत्रीय पार्षद दिग्विजय चौहान व सुधीर पंवार, उपसभापति मयंक गर्ग, वरिष्ठ नेता दिनेश सेठी, भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, राकेश जैन व अमित गगनेजा तथा पार्षदों व क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने शिला पूजन और नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पंडित सोनू पाराशर ने शिला पूजन कराया।



इससे पूर्व महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि सीएम ग्रिड के हकीकत नगर में फेस-1 की श्रृंखला में आज सीएम ग्रिड फेज-2 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बदल रहा है। विकास के प्रति उनका दृढ़ संकल्प और सेवा भाव का संकल्प हम सब के लिए प्रेरणा है। सीएम ग्रिड-2 के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है। महापौर ने कहा कि इस योजना के अलावा मुख्यमंत्री ने ढमोला की सफाई ओर क्रेगी नाले के लिए भी करीब दस-दस करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।

पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। उत्तर प्रदेश विकास का मॉडल बन गया है। आज उत्तर प्रदेश के सुशासन की पूरे देश में चर्चा हो रही है। उन्होंने सीएम ग्रिड के दूसरे चरण में सड़क की स्वीकृति के लिए महापौर डॉ.अजय कुमार की सराहना की। मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार ने सीएम ग्रिड-2 के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि दो किमी लंबी इस सड़क पर 38 करोड़ 17 लाख रुपये व्यय होगा।

इसके अलावा किसान नेता अनिल महाला, भाजपा के पूर्व नगरायध्यक्ष अमित गगनेजा व राजेन्द्र चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक दिग्विजय चौहान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त बिकासधर दुबे, एई मदनपाल, पार्षद मोहर सिंह, सुलेख चंद, ज्योति अग्रवाल, वीरेंद्र उपाध्याय, राजू जाटव, सो. पिन पाल, राजेंद्र कोहली, संजय सैनी, नामित पार्षद शिवमंगल, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, परविंदर तोमर, संदीप चौधरी, स्वराज सिंह के अतिरिक्त राजेंद्र अरोड़ा, डॉ. ए के प्रताप, पुष्पेंद्र चौधरी, रवि गुप्ता, नरेंद्र बालियान, नवीन लांबा, नीरज चौधरी, श्रेया गौड़ संजय राणा, राजा पसरीचा व अभिषेक चौधरी आदि शामिल रहे। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव "मेराकी 5.0" के अंतर्गत पांचवें दिन अनेक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष के संरक्षण तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के साथ हुई जिसमें प्रथम स्थान फाईजा खान, द्वितीय स्थान पायल पंवार ने तथा तृतीय स्थान तूबा खान ने प्राप्त किया। इसके फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ हिशाम. ुद्दीन, डॉ नुरुल हक तथा स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर मुदस्सिर पटेल रहे ।फोटोग्राफी और ब्लॉगिंग में प्रथम स्थान अलीना राशिद, द्वितीय स्थान मुदस्सिर पटेल तथा तृतीय स्थान प्रिंस को मिला। इसके फैकल्टी को ऑर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद वाजिद खान और डॉ. असगर अली थे और स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर आयशा कुरैशी और मो. अफजल रहे। वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर जोगिंदर, डॉ. सुष्मिता, डॉ. ज्योति और डॉ. शहनाज रहे। स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार रहे। इसमें प्रथम पुरस्कार आयुर्वेद कॉलेज की टीम को, द्वितीय पुरस्कार ग्लोकल लॉ स्कूल की टीम को तथा तृतीय पुरस्कार पैरामेडिकल कॉलेज की टीम को प्राप्त हुआ। फूड फेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्लोकल लॉ स्कूल की टीम को तथा द्वितीय स्थान एग्रीकल्चर की टीम को मिला।

अन्य निर्णायकों में डॉ. रेशमा ताहिर, डॉ. आते. का बानो, डॉ. कैफ उल इस्लाम, प्रो. मो. मजहर अफजल, जमीरुल इस्लाम, डॉ. वसीम अहमद, डॉ. नाजिया खान, डॉ. कामरान और डॉ. मो. जावेद जैसे प्रतिष्ठित शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बच्चे हमारे देश का भविष्यः रूही अंजुम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है।

रूही अंजुम मदर आमना अकादमी रेहड़ी मोहिउद्दीनपुर में दसवा वार्षिक उत्सव को संबोधित कर रही थी। उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे, ताकि बच्चे एक संस्कारवान नागरिक बन सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य मो.अजमल ने बच्चो को उनकी पर्फोर्मस के लिए शुभकामनाये दी और भविष्य में और ज्यादा मेहनत कर देशनिर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस मोके पर अब्दुल अजीम, जमाल, करि सलमान मौजूद रहे। संचालन मो. अबूजर ने किया।

## बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर (बैच 2024-25) के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में खुशी का माहौल है। तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में पलक रवि ने 85.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अक्षिता रावत ने 78.33 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कशिश रानी ने 77.67 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# होम्योपैथिक के जनक डा. हैनिमैन का जन्मदिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ने डॉ. हैनिमैन का 271वाँ जन्मदिवस एवं विश्व होम्योपैथी दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

संरक्षक डॉ. पी. डी. गर्ग के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में चिकित्सकों द्वारा डॉ. हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके महान योगदान एवं उपलब्धियों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसोसिएशन के सदस्य हैनिमैन प्वाइंट, दिल्ली रोड पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। डॉ. हैनिमैन प्वाइंट का विकास संरक्षक डॉ. पी. डी. गर्ग द्वारा होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की स्मृति में कराया गया, जो आज चिकित्सकों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा स्थल के रूप में स्थापित है। मुख्य अतिथि के रूप में होम्योपैथी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेत्र पाल सिंह एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं संरक्षक डॉ. पी. डी. गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन तथा डॉ. हैनिमैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सचिव डॉ. अजय सैनी, डॉ. शमशाद, कोषाध्यक्ष डॉ. संदीप टकर, डॉ. अभिनव गर्ग ने अपने विचार रखे।



कार्यक्रम में डॉ. रमेश मंचंदा, डॉ. एस. के. जैन, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. अजय वालिया, डॉ. संदीप पसरीचा, डॉ. मनोज सिंघल, डॉ. हरीश मंचंदा, डॉ. शिवशयन पुंडीर, डॉ. सतीश चावला, डॉ. विनीत चौधरी, डॉ. शिवाय, डॉ. पूनम यादव, डॉ. बलजिंदर कौर, डॉ. वी. के. टंडन आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. शिशिर भारद्वाज द्वारा की गई।

# बूथ तक मजबूत करें संगठनः सरफराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अब्दुल कादिर के आवास पर मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सहारनपुर मंडल प्रभारी सरफराज राईन और मंडल प्रभारी नरेश गौतम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा।सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर सुंदर लाल डासने विधानसभा अध्यक्ष, गंगोह, डॉ. बिंदर पाल, जाती राम,मास्टर समर चंद, नयूर हसन, गुड्डू गाड़ा, नगर पंचायत सभासद लियाकत राव उर्फ भोला, अब्दुल सत्तार सिद्दीकी, गुलशेर अहमद, मन्नू कुरैशी, जहीर कुरैशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहींः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को जड से उखाडा जायेगा।

डा.अशोक मलिक ग्राम रूपडी में अपने स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा की सरकार के पास सरकारी स्कूलों में किताबें उपलब्ध नहीं हो रही है सरकार मात्र 10 प्रतिशत बच्चों को शिक्षा ग्रहण करा रही है और 90 प्रतिशत प्रतिशत मान्यता प्राप्त स्कूल हिंदी इंग्लिश मीडियम उर्दू एवं संस्कृत मीडियम शिक्षा देने का काम कर रहे हैं इस प्रकार 90 प्रतिशत निजी स्कूलों को एनसीईआरटी की उपलब्ध नहीं है। बैठक को जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार, प्रभारी धनंजय शर्मा महामंत्री अरविंद शर्मा प्रदेश सचिव अमजद दिल्ली एडवोकेट महानगर प्रभारी गुययूर आलम महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत भोपाल सिंह प्रीतम सिंह जिला महामंत्री हंस कुमार संगठन मंत्री जोरा सिंह संगठन मंत्री दिनेश रोपडी रविंद्र सिंह उपस्थित हुए विद्यालय के प्रबंध विजेंद्र प्रधान ने आभार जताया।



## चैकिंग अभियान चलाया

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा कस्बा बेहट को विभाग की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना सक्सेस स्टोरी एरिया योजना मे घोषित किया गया है।

उक्त जानकारी विद्युत वितरण केन्द्र बेहट के उप खंडअधिकारी बृजमोहन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है उन्होंने बताया कि सक्सेस स्टोरी एरिया योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं निर्बाध आपूर्ति सुचारू रूप से मिलती रहेगी। उन्होंने आज विभाग के कर्मचारियों एवं पुलिस बल के साथ लेकर मोहल्ला सड़कपार फूल कालोनी, गाड़ान ,आदि मोहल्लों मे चैकिंग अभियान भी चलाया गया। बकायादार उपभोक्ताओं के बिलों की राशि भी जमा कराई गई।

## लापता का सुराग नहीं

**नकुड़।** तीन दिन से लापता एक व्यक्ति का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले में पुलिस की कार्रवाई धीमी रहने पर परिजनों ने चिंता जताते हुए जल्द से जल्द तलाश की मांग की है।

कोतवाली में नरेन्द्र पुत्र टामीराम द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि उनका परिजन जगदीश आठ अप्रैल को किसी काम से नकुड़ आया था, लेकिन इसके बाद से वह घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों की जांच में जगदीश नगर के होली वाला चौक और शाहज. हांपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पैदल जाता दिखाई दिया है।

# हमेशा याद रहेंगे डा. हैनिमैनः डा. असलम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज नेशनल मेडिकल कॉलेज में डॉ फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन का 271 वां जन्मदिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ असलम खां ने कहा कि डॉ 'हैनिमैन ने एलोपैथिक में डिग्री प्राप्त की थी परंतु उसको जीविकोपार्जन के लिये प्रयोग नहीं किया बल्कि एक नयी पैथी जिसको आज हम होम्योपैथी के नाम से जानते है, उसमे उपयोग किया।

उन्होने पहली दवाई कुनैन को जो मलेरिया रोग में काम आती है, उसकी खोज की। उन्होनें बताया कि होम्योपैथी के कोर्सेज डिप्लोमा इन होम्योपैथी,' 'एडवांस डिप्लोमा इन होम्योपैथी,' 'डिप्लोमा इन होम्योपैथी फार्मेसी,' 'डिप्लोमा इन होम्योपैथी साइंस डिप्लोमा इन सेक्सुअल होम्योपैथी आदि कोर्सेज पर 20 अप्रैल तक 50 प्रतिशत तक का डिस्काउंट भी किया है। श्रीमती डॉ आशा ने बताया की डॉ हैनिमैन ने जो होम्योपैथी की खोज की है वह बहुत ही स्वास्थ्यकारक और उपयोगी है। श्रीमती खूरेजा ने पुष्प अर्पित की।

# विन स्पोटर्स एकेडमी का मेयर ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी राहुल चोपडा ने विन स्पोटर्स एकेडमी का उदघाटन करते हुए कहा कि इससे बच्चों को अपना खेल प्रदर्शन सुधारने का मौका मिलेगा।

मेयर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं को खेलों विशेषकर कुराश में आगे बढ़ने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं हमारे शहर की प्रतिभाओं को नई पहचान देने के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी सुदृढ़ बनाती हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने कहा कि खेल अकादमी के संबंध में खेल विभाग की जो भी योजनाएं होंगी नियमानुसार उनको दिलाने में मैं पूर्ण सहयोग करूँगा।




द इंडियन कुराश एसोसिएशन के महासचिव विक्रान्त कुमार ने बताया कि विन स्पोर्टस अकादमी में मुख्य रूप से खिलाड़ियों को कुराश का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे सहारनपुर के खिलाड़ियों को एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। अकादमी में अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित शर्मा कोच के रूप में अपनी सेवाएं देंगे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में आर.के. शर्मा, मोहित शर्मा, तरुण भोला, आनंद भाटिया, संजीव कुमार, अमित चौधरी, अंतरिक्ष सैनी, दिव्यांश कश्यप, राजकुमार, निकिता जैन, कुलभूषण, यश, कृष्णकांत, देवेंद्र, दीक्षा, मानसी, पायल, लाल धर्मेंद्र, सोनवीर, रविकांत धीमान, ध्रुवेश, राघव, कृष्णा आदि गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायण गुट के शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया।

धरने के बाद शिक्षकों ने अपनी मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। जिसमें एनपीएस के खातों का अपडेट करना और सेवानिवृत शिक्षकों की ग्रेजुएटी जीपीएफ का भुगतान करना और एनपीएस से पुरानी पेंशन योजना में आए हैं उनके जीएफ खातों का अपडेट करना विषय विशेषज्ञ को पुरानी पेंशन संबंधी विकल्प पत्र भरना और निदेशालय को प्रेषित करना ग्रेजुएट राशि 20 लाख से 25 लाख हुए हैं उसके भुगतान की मांग की गई। धरने पर प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान, प्रदेश मंत्री डॉ युद्धवीर सिंह, संरक्षक, नाथि राम कंबोज,जयदीप त्यागी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला मंत्री राजेंद्र राठौड़ नगर अध्यक्ष संदीप कुमार कर्मवीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल यादव नीरज मिश्रा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा अतुल त्यागी कुंवर धनंजय अनुरंजन गुप्ता सर्वेश कुमार ओमवीर सिंह प्रवीण कुमार राहुल कुमार अनिल कुमार सोनू कुमार मुकेश कुमार अमित कुमार मुनेश कुमार आदिशिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग की मौत में दो पकड़े

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव चांडी में खेत की मेढ़ को लेकर हुए एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक बुजुर्ग की हुई मौत के मामले मे पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिये है। पुलिस ने गिरफ्तार हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किये है।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व कोतवाली बेहट के गांव चांडी मे खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी मारपीट मे एक बुजुर्ग इस्लाम पुत्र मीर हसन की मौत हो गई थी।पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था।पुलिस मुकदमे मे फरार चल रहे आरोपियों की धड़पकड़ मे लगी हुई थी।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांव भाखरोड के पास से मुकदमे मे फरार चल रहे आरोपी आदिल पुत्र शाहिद, सादीन उर्फ सद्द पुत्र शाहिद निवासीगण गांव चांडी को गिरफ्तार किए गये है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक इस्लाम और हमारे खेत की सीमा मिली हुई है हमने खेत पर डोल पर चूल्हा बना रखा था। जिस का मृतक इस्लाम विरोध कर रहा था इस बात को लेकर हमने इस्लाम के साथ मारपीट शुरू कर दी थी हमे बाद में पता चला कि उस की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चलान कर न्यायालय में पेश किये गए जहां न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिए है।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैलाशपुर।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलाशपुर में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया।

अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका श्रीमती शमा प्रवीण ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी महानगर मंत्री राजेश जोहरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत अध्यापिका श्रीमती रेखा सैनी द्वारा किया गया।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इसरार अहमद, अभिभावकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज धीमान ने बच्चों के नामांकन बढ़ाने और विद्यालय की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवस्था प्रमुख शहजादा गालिब के साथ मीनू ग्रेवाल, रंजन गोसाई, सुनीता सैनी, अजय सिंह, चारु बाबा, प्रिया बत्रा, सुसमेश गौतम, स्मिता अरोड़ा, मोनू बिष्ट, अजीत सिंह एवं हिमानी उपाध्याय सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सम्पादकीय

शनिवार , 11 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यह कैसा युद्धविराम

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इस्राईल-अमेरिका के बीच 14 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इस्राईल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इस्राईल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इस्राईल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इस्राईल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है। इस्राईल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी, मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इस्राईली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राईल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा। हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इस्राईल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं।

## उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन



उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है, करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है, हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार, बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है, पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं, हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# रूढ़ियों के विरुद्ध प्रकाश, समता का सूर्य, विचारों के कृषक फुले का दर्शन





श्वेता गोयल

भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास अनेक विभूतियों की गाथाओं से सुसज्जित है किंतु समय के अनंत प्रवाह में कुछ ऐसे व्यक्तित्व उभरते हैं, जो केवल कालखंड विशेष की उपज नहीं होते बल्कि युगों-युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले ध्रुवतारे बन जाते हैं। 19वीं सदी के भारत में जब रूढ़िवादिता, जड़ता और अमानवीय भेदभाव का अंधकार अपने चरम पर था, तब महाराष्ट्र की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के रूप में एक ऐसी प्रखर रश्मि का प्रादुर्भाव हुआ, जिसने सदियों से सोई हुई दलित चेतना को न केवल झकझोरा बल्कि उसे आत्मसम्मान और ज्ञान के आलोक से मंडित कर दिया। ज्योतिबा फुले मात्र एक समाज सुधारक नहीं थे, वे उस वैचारिक क्रांति के शिल्पी थे, जिन्होंने भारतीय समाज की ऊसर और पथरीली भूमि को अपने पसीने और संकल्प से सींचकर उसमें समता, बंधुत्व और न्याय के बीज बोए। आज हम जिस आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों, स्त्री-शिक्षा और मानवाधिकारों पर गर्व करते हैं, उस विराट वटवृक्ष की जड़ें वास्तव में फुले के उन साहसिक संघर्षों में निहित हैं, जो उन्होंने उस दौर में किए थे, जब शिक्षा प्राप्त करना एक वर्ग विशेष का एकाधिकार और स्त्रियों का शिक्षित होना महापाप माना जाता था। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिबा का जीवन संघर्ष की वह महागाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि मनुष्य की महानता उसके कुल या जाति में नहीं बल्कि उसके उन उदात्त कार्यों में छिपी है, जो वह समूची मानवता के कल्याण हेतु समर्पित करता है।

ज्योतिबाफुले के व्यक्तित्व का निर्माण उन विसंगतियों के बीच हुआ, जहां पग-पग पर उन्हें जातिगत ऊंच-नीच और अपमान का दंश झेलना पड़ा। एक प्रसंग उनके जीवन की दिशा बदलने वाला सिद्ध हुआ, जब उन्हें एक उच्चवर्णीय मित्र के विवाह समारोह में केवल इसलिए अपमानित होकर निकलना पड़ा क्योंकि वे 'निम्न' समझी जाने वाली जाति से थे। वह अपमान ज्योतिबा के लिए केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं थी बल्कि उन्होंने उसे समाज की उस सड़ी-गली व्यवस्था के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया, जो मनुष्य को मनुष्य समझने से इनकार करती थी। उस क्षण उनके भीतर जो विद्रोह उपजा, वह घृणा में नहीं बल्कि सृजन में परिवर्तित हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि समाज की इस दासता की बेड़ियों को काटने का एकमात्र शस्त्र 'शिक्षा' है। फुले का दर्शन अत्यंत स्पष्ट था कि अज्ञान ही समस्त दुखों की जड़ है। उनकी प्रसिद्ध काव्य पंक्तियां 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र टूटे, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए', आज भी सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा मूलमंत्र मानी जाती हैं। उन्होंने यह भली-भांति समझ लिया था कि जब तक समाज का वंचित वर्ग और आधी आबादी यानी स्त्रियां शिक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति का स्वप्न एक मृगतृष्णा मात्र बना रहेगा। इसी बोध के साथ उन्होंने 1848 में पुणे के भिडेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर एक ऐसे शैक्षिक आंदोलन की नींव रखी, जिसने भारतीय इतिहास की धारा को सदैव के लिए बदल दिया।

महात्मा फुले की महानता इस तथ्य में निहित है कि उन्होंने जो उपदेश दिए, उन्हें पहले अपने आचरण में उतारा। जब उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाने का निश्चय किया तो समाज के कट्टरपंथियों ने भारी विरोध किया। किसी भी शिक्षिका का मिलना असंभव था, तब ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षित किया और उन्हें शिक्षिका के रूप में तैयार किया। यह भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी युगल था, जिसने समाज के पत्थरों और कीचड़ की बौछार को सहते हुए भी ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया। सावित्रीबाई जब स्कूल जाती तो रूढ़िवादी लोग उन पर गंदगी फैंकते किंतु ज्योति. बा के अटूट समर्थन और प्रेरणा ने उन्हें कभी डिगने नहीं दिया। इन दोनों महामानवों ने मिलकर केवल स्कूल नहीं खोले बल्कि स्त्री-शक्ति को उसकी अस्मिता और अधिकारों से परिचित कराया। फुले दंपति का मानना था कि एक पुरुष की शिक्षा केवल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाती है किंतु एक स्त्री की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करती है। उनके प्रयास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं थे बल्कि उन्होंने विधवाओं के मुंडन की कुप्रथा के विरुद्ध नाइयों को संगठित किया, बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन कर समाज की जड़ चेतना पर सीधा प्रहार किया।

ज्योतिबा फुले का सामाजिक दर्शन केवल सहानुभूति पर आधारित नहीं था, वह तार्किक और बौद्धिक विद्रोह था। उनकी कालजई कृति 'गुलाम. गिरी' इस दृष्टि से एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। इस पुस्तक में उन्होंने पौराणिक आख्यानों की तर्कसंगत व्याख्या करते हुए उजागर किया कि किस प्रकार कुछ विशिष्ट वर्गों ने धर्म और शास्त्रों की आड़ लेकर बहुजन समाज को मानसिक और शारीरिक रूप से दास बनाए रखा। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में इसी उद्देश्य से की थी कि लोग पुरोहितों और बिचौलियों के चंगुल से मुक्त होकर ईश्वर की प्रत्यक्ष आराधना कर सकें और अपने मानवीय अधिकारों के प्रति सचेत हों। सत्यशोधक समाज ने विवाहों में पुरोहितों की अनिवार्यता को समाप्त कर सादगीपूर्ण और समतावादी संस्कारों को बढ़ावा दिया। फुले का यह आंदोलन केवल धार्मिक सुधार नहीं था बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्निर्माण था, जिसने शूद्रों और अति-शूद्रों के भीतर यह आत्मविश्वास भरा कि वे भी इस धरती के समान उत्तराधिकारी हैं। वे वर्ण व्यवस्था के उस ढांचे को ध्वस्त करना चाहते थे जो जन्म के आधार पर श्रेष्ठता का दंभ भरता था। उनके विचारों ने ही आगे चलकर डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों को प्रेरणा दी, जिन्होंने महात्मा फुले को अपना वैचारिक गुरु माना और उनके अधूरे कार्यों को संवैधानिक परिणति तक पहुंचाया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एक अत्यंत सूक्ष्म दृष्टि वाले अर्थशास्त्री और किसानों के मसीहा भी थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की जर्जर स्थिति को बहुत करीब से देखा था। उनकी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' भारतीय कृषि व्यवस्था पर किया गया एक मार्मिक और तथ्यात्मक प्रहार है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनपढ़ किसान साहूकारों के कर्ज, सरकार के भारी करों और धार्मिक कर्मकांडों के बोझ तले दबा हुआ है। फुले ने किसानों को आधुनिक खेती, सिंचाई के साधनों और पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अकाल के समय पशुओं के चारे और किसानों के अनाज के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज के समय में भी नीति-निर्धारकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी संवेदना का विस्तार इतना व्यापक था कि उन्होंने अपने घर का पानी का हौज अछूत समझे जाने वाले लोगों के लिए खोल दिया, जो उस समय के समाज में एक अकल्पनीय और अत्यंत साहसी कदम था। वे केवल अस्पृश्यता के उन्मूलन की बात नहीं कर रहे थे, वे मनुष्य की गरिमा को पुन:स्थापित कर रहे थे। उन्होंने 'दलित' शब्द को संघर्ष की पहचान दी और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा फुले की दृष्टि वैश्विक थी, उन्होंने 'गुलामगिरी' को अमेरिका के उन अश्वेत लोगों को समर्पित किया, जो दासता के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। यह उनकी इस सोच को दर्शाता है कि विश्व में कहीं भी होने वाला अन्याय समस्त मानवता के लिए खतरा है। 11 मई 1888 को मुंबई की एक विशाल जनसभा में जनता ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस बार की गर्मियों में यहां घूमने का बनाएं प्लान

**हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया , ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी , 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।**

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हैं। भारत के कई राज्यों में तापमान 52 डिग्री पार हो चुका है। ऐसे में गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो चुका है। गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घर के अंदर रहना ही पंसद कर रहे हैं। अगर आप गर्मियों की छुट्टियो में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो भारत में ऐसी कई जगह हैं, जहां इस समय बर्फ जमी होती है और तापमान जोरी डिग्री से नीचे रहता है। जानिए भारत से ठंडी जगहों के बारे में।

**सेला पास**

जून-जुलाई में घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे ठंडी जगह है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां हमेशा चारों तरफ से बर्फ से ढकी रहती वर्तमान में यहां का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस है। यह हिल स्टेशन बहुत ही सुंदर है और यहां फोटोग्राफी के लिए सबसे बढ़िया जगह है।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।

**द्रास**

गर्मी के कहर से बचने के लिए आप द्रास घूमने जा सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में लद्दाख का प्रवेश द्वार है। यह हिल स्टेशन सबसे ठंडा है। बता दें कि कारगिल अपनी



खूबसूरती और युद्ध के लिए जाना जाता है। यहां इस समय तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है।

**सोनमर्ग**

गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। इन दिनों यहां का तापमाम 15 डिग्री सेल्सियस रहता है। खूबसूरत नजारों और सुंदर घाटी के लिए यह जाना जाता है। सोनमर्ग में अल्पाइन घास के मैदानों, ग्लेशियर, झीलों और ट्रेकिंग के लिए बहुत फेमस है। प्रकृति प्रेमी के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

# वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।


इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गति. विधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन ( डीबीएस ) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं , जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है।**

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB




## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने


अंजिना रिचर्डस

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सव चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तम प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदे के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शि हुई हैं। प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।








Rakhi Sah

Vrindavan Public School-Vrindavan Public School was established in 2009 under the C.L. Sah Memorial Education Society with the aim offostering the holistic development of young learners. The school is recognised by the Government of Uttarakhand and, as a Playway and Preparatory School, has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities. The school's clean, green, sunny, and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, helping them become bright and confident individuals. This English-medium school is efficiently managed by a dedicated team under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah, who emphasizes a nurturing atmosphere for all-round development. The school has introduced smart classes and projectors to make learning more interactive and engaging. It also promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, forming an essential part of its physical education program. Additionally, the school offers a centralized heating and cooling system for the comfort of students.

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।

## प्रतिभाओं को उभारने के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार




लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

## नैनीताल का गौरव है शेरवुड कालेज



फर्स्ट एयर मार्शल मानेक शाह और मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज पुरुषों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नामी गिरामी हस्तियों का भविष्य संवारने वाले शेरवुड कालेज को नैनीताल का गौरव कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी और वर्तमान में भी विद्यालय देश के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले नामचीन स्कूलों में सुमार है। शेरवुड कॉलेज सह शिक्षा (को-एड.) पूर्ण रूप से आवासीय है। जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, आवास तथा अन्य समस्त उत्तम सुविधायें विद्यालय प्रदान करता है। वैश्विक शिक्षा क मद्देनजर पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है, जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास सर्वोपरि रहता है। वर्तमान में देश के तमाम प्रांतों के बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं।







## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

